●वर्ष : 16 ●अंक : 113 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 11 अगस्त 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### काबुल से लेकर कोलंबो तक, देश छोड़कर नेताओं के भागने का है पुराना इतिहास

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की सरकारी नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे पर लाखों छात्रों ने महीनों तक हिंसक विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को दबाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बल का प्रयोग किया, जिससे हिंसा और भड़क गई। छात्र आंदोलन को और भी ज्यादा उग्र होते देख अंत में शेख हसीना को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। अपने ही देश में अराजकता की स्थिति देखकर आवामी लीग की नेता शेख हसीना सैन्य विमान से भारत भाग गईं। हालांकि, भारत हसीना का आखिरी पड़ाव नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शेख हसीना लंदन जा सकती हैं। उन्होंने ब्रिटेन से राजनीतिक शरण मांगी है। इसके अलावा वह फिनलैंड भी जा सकती हैं। अब शेख हसीना बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ चुकी हैं। मगर, विश्व इतिहास में ऐसी कई राजनीतिक उथल-पुथल की घटनाएं हुई हैं, जिसमें कई वैश्विक नेताओं को अपना देश छोड़ने के लिए मजबूर होकर भागना पड़ा। पड़ोसी देश श्रीलंका में साल 2019 में आर्थिक तंगी आई, जिससे वहां के लोग झेल गए। देश में रोजाना भयानक बिजली कटौती होने लगी और लोगों को ईंधन, भोजन और दवाओं जैसी बुनियादी चीजों की कमी का सामना करना पड़ा। श्रीलंका में आई इस आर्थिक तंगी को लेकर देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन होने लगे, जिसमें तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को घुटनों पर ला दिया।

# पैदल ही मलबे में चल पड़े पीएम मोदी

## हजारों सपने चकनाचूर हुए

### पीड़ितो से भी मिले, कहा- यह सामान्य आपदा नहीं



नूना न्यूज एजेंसी

**वायनाड।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थिति का आकलन करने के लिए भूस्खलन प्रभावित वायनाड का दौरा किया। 30 जुलाई को आई इस आपदा में कम से कम 226 लोगों की जान चली गई है और कई लोग अभी भी लापता हैं। इसे केरल में आई सबसे भयंकर प्राकृतिक आपदाओं में से एक माना जाता है। पीड़ितों से मुलाकात के पीएम मोदी ने बड़ी बैठक भी की। इसके बाद मोदी ने कहा कि जिस दिन यह घटना हुई, उस सुबह मैंने सीएम पिनाराई विजयन से बात की थी और उन्हें आश्वासन दिया था कि हम सहायता प्रदान करेंगे और जल्द से जल्द घटनास्थल पर पहुंचने की कोशिश करेंगे। मोदी ने आगे कहा कि NDRF, SDRF, सेना, पुलिस, डॉक्टर, सभी ने पीड़ितों की जल्द से जल्द मदद करने की कोशिश की। मैं मृतकों के परिवारों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे अकेले नहीं हैं। हम सभी उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार केरल सरकार के साथ खड़ी है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि पैसे की कमी के कारण कोई भी काम बाधित न हो। उन्होंने कहा कि भूस्खलन की घटना के बारे में जब से मुझे पता चला है, तब से मैं लगातार इसकी जानकारी ले रहा हूँ। केंद्र सरकार की सभी एजेन्सियाँ जो इस आपदा में मदद कर सकती थीं, तुरंत मदद के लिए जुट गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आपदा सामान्य नहीं है। हजारों परिवारों के सपने चकनाचूर हो गए हैं। मैंने मौके पर जाकर हालात देखे हैं। मैंने राहत शिविरों में पीड़ितों से मुलाकात की है, जिन्होंने इस आपदा का सामना किया है। मैंने अस्पताल में घायल मरीजों से भी मुलाकात की है। अधिकारियों ने बताया कि मोदी कन्नूर हवाई अड्डे से वायुसेना के हेलीकॉप्टर के जरिये वायनाड पहुंचे और 30 जुलाई को बड़े पैमाने पर हुई भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित चूरलमाला क्षेत्र में पैदल चलकर नुकसान का जायजा लिया। मोदी ने एक राहत शिविर का भी दौरा किया, जहां भारी भूस्खलन के कारण विस्थापित हुए कई लोग रह रहे हैं। उन्होंने घटना से प्रभावित कुछ लोगों से बातचीत की। इनमें दो बच्चे भी शामिल थे, जिन्होंने इस आपदा में अपने प्रियजनों को खो दिया। इस आपदा में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है। बाद में, प्रधानमंत्री ने दोपहर करीब ढाई बजे मेप्पाडी स्थित शिविर का दौरा किया और वहां करीब आधा घंटा बिताया तथा कुछ लोगों से बातचीत की।

# सीनियर आईएएस टीवी सोमनाथन को मोदी सरकार ने बनाया कैबिनेट सचिव

## राजीव गौबा की लेंगे जगह

नूना न्यूज एजेंसी

नरेंद्र मोदी सरकार ने शनिवार को 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी टीवी सोमनाथन को दो साल के कार्यकाल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त किया। वह 1982 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव गौबा का स्थान लेंगे, जिनका कैबिनेट सचिव के रूप में पांच साल का कार्यकाल अभूतपूर्व था। बयान में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने टीवी सोमनाथन, आईएएस को कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से कैबिनेट सचिव के रूप में कार्यभार संभालने तक कैबिनेट सचिवालय में विशेष कर्तव्य अधिकारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है। आईएएस अधिकारी के पास अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की




उपाधि है और वह एक योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), लागत लेखाकार और कंपनी सचिव हैं। उन्होंने पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में अर्थशास्त्र, वित्त और सार्वजनिक नीति पर 80 से अधिक पत्र और लेख प्रकाशित किए हैं, और दो पुस्तकों के साथ-साथ कई अन्य अध्यायों के लेखक हैं। उन्होंने आईएएस से प्रतिनियुक्ति पर विश्व बैंक, वाशिंगटन डी.सी. में निदेशक के रूप में भी काम किया है।




## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### भारत में आर्थिक प्रगति हेतु सनातन संस्कृति के संस्कारों को जीवित रखना ही होगा

किसी भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता हुआ दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज के द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है और देश में शांति स्थापित करने के लिए भी समाज का विशेष योगदान रहता आया है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक ही यदि आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो देश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी। भारत के नागरिकों में आज स्व के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे भारत के हित सर्वोपरि हैं की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है। क्योंकि, देश में यदि शांति नहीं रह पाती है तो विदेशी संस्थान भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हत्तोत्साहित होंगे और देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी। भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के खंडकाल में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के खंडकाल को छोड़कर) पूरे विश्व में एक आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है। वर्ष 712 ईसवी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था। परंतु, वर्ष 1750 ईसवी में अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कम्पनी के रूप में) के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को जैसे ग्रहण ही लग गया था।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802


EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़

## दो जवान घायल, सर्च ऑपरेशन जारी

नूना न्यूज एजेंसी

**दक्षिण कश्मीर।** के अनंतनाग जिले के कोकरनाग के अहलान इलाके में शनिवार को आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में भारतीय सेना के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ दोपहर में शुरू हुई थी, जिसमें दो आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका थी। सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ तब शुरू हुई जब आतंकवादियों ने तलाशी दल के जवानों पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई। गोलीबारी में सेना के दो जवान घायल हो गए। मुठभेड़ तब शुरू हुई जब आतंकवादियों ने सर्च टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी जारी है और इलाके का घना जंगल होने के कारण संचार में दिक्कत आ रही है।



घायल सैनिकों को घटनास्थल से सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है। ऑपरेशन जारी रहने के कारण विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। इससे पहले शनिवार को अहलान गगरमांडू इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एक और मुठभेड़ हुई थी। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कठुआ जिले में मौजूद चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। उन्हें पकड़ने में मददगार सूचना देने वाले को 5 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है। यह कदम जम्मू क्षेत्र में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर उठाया गया है, जिसमें कठुआ में सेना के काफिले पर हमला और डोडा और उधमपुर में मुठभेड़ शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, गोलीबारी जारी है और अतिरिक्त विवरण की प्रतीक्षा है क्योंकि यह अभियान सीमित संचार वाले वन क्षेत्र में चल रहा है।

# ईयरफोन से पकड़ा गया महिला डॉक्टर का 'हत्यारा'


## पुलिस के सामने बोला- मुझे फांसी दे दो

नूना न्यूज एजेंसी

**कोलकाता।** स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की मौत के मामले में कोलकाता पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या से पहले यौन उत्पीड़न की पुष्टि हुई है। पुलिस ने संजय राय नाम के एक सिविक वालंटियर को शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसे इसका कोई पछतावा भी नहीं है और उसने कहा है कि उसे फांसी दे दी जाए। बता दें कि कोलकाता स्थित एक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सेमिनार हाल से शुक्रवार सुबह एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर का अर्द्धनग्न शव मिला था।

**>> ईयरफोन से पकड़ा गया आरोपित**

पुलिस के मुताबिक घटनास्थल सेमिनार हॉल से एक टूटा हुआ ब्लूटूथ ईयरफोन मिला था, जो संजय राय का है। सीसीटीवी फुटेज में घटना से पहले संजय को गले में ईयरफोन लटकाकर सेमिनार हाल में प्रवेश करते देखा गया है। 30 मिनट बाद उसे बिना ईयरफोन के हाल से निकलते देखा गया है। इसके अलावा अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में भी संजय की तस्वीरें कैद हुई हैं। इससे पता चला है कि संजय का अस्पताल में हमेशा आना-जाना लगा रहता था।



**>> जरूरत पड़ी तो दोषियों को फांसी दी जाए: ममता**

इधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और घिनौना बताया और कहा कि दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाएगी। उन्हें सीबीआई जांच से भी कोई आपत्ति नहीं है। ममता ने कहा कि मैंने मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने का निर्देश दिया है। अगर जरूरत पड़ी तो दोषियों को फांसी दी जाए, हालांकि मैं फांसी की सजा की समर्थक नहीं हूं।

**>>भाजपा ने की सीबीआई जांच की मांग**

बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने इस घटना की सीबीआई जांच की मांग की। दूसरी ओर इस घटना के खिलाफ राज्यभर के सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया और न्याय की मांग की। अस्पताल में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ उनकी धक्कामुक्की भी हुई।

# बीजेपी का सवाल, सिसोदिया बतायें की क्या 30 लाख की सख्त बड़ी जमानत राशि असाधारण नहीं

नूना न्यूज एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आज जेल से सशर्त जमानत पर छूटे मनीष सिसोदिया के लिए आयोजित स्वागत समारोह में जिस बड़बोलेपन से आम आदमी पार्टी नेताओं ने भाषणबाजी की उसका जवाब उन्हे दिल्ली की जनता जनवरी 2025 के विधानसभा चुनाव में देगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली की जनता संजय सिंह एवं मनीष सिसोदिया से जानना चाहती है की क्या यह सच नही की उनको हफ्ते में दो दिन सुबह 10 बजे थाने में हाज़िरी और 24 घंटे फोन लोकेशन चालू रखने जैसी असमान्य शर्तों पर जमानत दी गई है? सिसोदिया एवं संजय सिंह जवाब दें क्या 30 लाख की जमानत एक असाधारण रूप से सख्त बड़ी जमानत राशि नही है ? सचदेवा ने कहा है की जमानत का जश्न मना रही आम आदमी पार्टी को ध्यान रखना चाहिए की उनके प्रेरणा स्त्रोत लालू यादव को भी चारा घोटाले में जमानत मिली थी फिर 2016 में लम्बी सजा भी मिली थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जमानत जब्त कराने का सपना देखने वाले "आप" नेता यह याद रखें की दिल्ली वालो ने हाल ही में लोकसभा चुनाव में जिस तरह उनका "केजरीवाल को जेल पर वोट की चोट" का नारा नकार दिया था अब उसी तरह विधानसभा चुनाव में "आप" के भाजपा की जमानत जब्त करने के नारे को ना सिर्फ नकारेगी बल्कि अधिकांश "आप" प्रत्याशियों की जमानत जब्त करवायेगी।

# बीजेपी के दबदबे वाली अकोला लोकसभा क्षेत्र की 6 में से 4 विधानसभा सीटों पर पार्टी का कब्जा

नूना न्यूज एजेंसी

**अकोला।** लोकसभा क्षेत्र महाराष्ट्र का एक प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र है। जिसमें अकोट, बालापुर, अकोला पूर्व, अकोला पश्चिम, मुर्तिजापुर और रिसोद विधानसभा क्षेत्र शामिल हुए हैं। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में इस सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अनुप धोत्रे ने कांग्रेस के उम्मीदवार अभय काशीनाथ पाटिल को शिकस्त देकर जीत हासिल की थी। अकोला मुरना नदी और ताप्ती नदी घाटी से घिरा सूखे से त्रस्त विदर्भ क्षेत्र का एक प्रमुख शहर है। कपास उत्पादन में यह क्षेत्र देश के अग्रणी है, इसलिए अकोला तो कॉटन सिटी के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा भी अकोला अपने तेल उत्पादन और बीड़ी निर्माण उद्योग के लिए भी जाना जाता है। इस क्षेत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज, अमरावती विश्वविद्यालय और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग ऐंड टेक्नोलॉजी जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थान भी हैं। इस क्षेत्र की अकोट विधानसभा से बीजेपी के प्रकाश भारसकले लगातार दो बार से जीत दर्ज कर रहे हैं। इससे पहले 10 साल तक यह सीट शिवसेना के खाते में थी। अकोट को 2008 के परिसीमन के दौरान विधानसभा क्षेत्र




घोषित किया गया है। उसी साल अस्तित्व में आयी अकोला पश्चिम विधानसभा सीट 2008 से भारतीय जनता पार्टी के गोवर्धन मांगीलाल शर्मा जीतते रहे हैं। लगातार तीन बार यह सीट जीतने वाले गोवर्धन शर्मा का नवम्बर 2023 में निधन हो गया था। इसी लोकसभा क्षेत्र की अकोला पूर्व सीट पर पहली बार 2009 में प्रकाश अंबेडकर की पार्टी के उम्मीदवार हरिदास भड़े ने जीत हासिल की थी, लेकिन इसके बार भाजपा यह सीट जीतने में कामयाब रही और रंधीर सावरकर यहाँ से वर्तमान विधायक हैं। मुर्तिजापुर इस क्षेत्र की एकमात्र दलित वर्ग के लिए आरक्षित सीट है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की दबदबे वाली सीट समझे जाने वाली इस सीट पर पिछले कुछ समय में भाजपा मजबूत हुई है। 1995 के बाद हुए 6 चुनावों में से 5 बार भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। वर्तमान में हरीश पिंपले यहाँ से विधायक हैं, लगातार तीन बार से चुनाव जीत रहे हैं। रिसोद वाशिम जिले की एक विधानसभा सीट है, लेकिन लोकसभा चुनाव क्षेत्र के दृष्टिगत यह अकोला में ही आती है। 1962 में विधानसभा क्षेत्र घोषित हुई रिसोद अगले ही पंचवर्षीय में भंग कर दी गई थी। जिसके बाद 2009 से दोबारा निर्वाचन क्षेत्र घोषित होने के बाद से हमेशा ही कांग्रेस विजेता रही है। 2014 से यहाँ के विधायक अमित सुभाषराव जनक हैं। बतौर लोकसभा सीट अकोला कभी कांग्रेस का गढ़ थी। 1957 से 1967 तक हुए चुनावों में यहां से लगातार कांग्रेस को जीत मिली। अकोला में 1952 और 1957 में हुए पहले दो लोकसभा चुनाव में दो-दो सांसद निर्वाचित हुए थे। यहाँ से 1952 में कांग्रेस के लक्ष्मण भातकर आरक्षित सीट से चुनकर संसद में पहुँचे थे। तो वहीं अनारक्षित सीट गोपालराव खेडकर सांसद चुने गए थे। इसके बाद 1957 के चुनाव में दोनों नेता एकबार फिर लोकसभा पहुंचे। 1967 में हुए दूसरे आम चुनाव में यह प्रक्रिया खत्म कर दी गई। इसके बाद 1971-72 में हुए उपचुनाव में भी कांग्रेस के असगर हुसैन ने जीत हासिल की। उनकी मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में भारतीय रिपब्लिकन पार्टी (खोब्रागड़े गुट) के वसंत साठे ने जीत दर्ज की। वसंत साठे ने 1977 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर पुनः जीत हासिल की। इसके बाद मधुसूदन वैराले 2 बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद रहे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से 1989 में पांडुरंग फुंडकर ने जीत दर्जकर यहां से पार्टी का खाता खुलवाया, जोकि यहां से लगातार तीन बार चुनाव जीते। इसके बाद 1998 में हुए उपचुनाव में प्रकाश आंबेडकर भारिप की ओर से विजयी हुए और 1999 में भी वे कांग्रेस के समर्थन से चुनाव जीते। 2004 से लेकर 2024 तक संजय धोत्रे लगातार यहाँ से सांसद रहे। अकोला लोकसभा क्षेत्र इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन विकास आघाडी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर चुनाव लड़ते रहे हैं। आंबेडकर ने यहां से 11 बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और दो बार जीत हासिल की है। हालांकि, 2004 से लगातार बीजेपी के संजय धोत्रे जीतते रहे हैं और इस बार उन्हीं के बेटे अनुप धोत्रे ने जीत हासिल की है। जिनके सामने प्रकाश आंबेडकर वंचित बहुजन से, कांग्रेस से डॉ. अभय काशीनाथ पाटील चुनाव मैदान में थे। अकोला से हिंदीभाषी और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। इसके अलावा भी यह जिला फूड प्रोसेसिंग के लिए जाना जाता है। साथ ही, कभी इस क्षेत्र में दालों का इतना उत्पादन होता था कि पूरे देश को यहां से दाल सप्लाई की जाती थी, लेकिन दालों के गिरते उत्पादन पर ध्यान नहीं दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकार की उपेक्षा के चलते फूड प्रोसेसिंग की कई सारी यूनिट धूल खा रही है। यह सभी मुद्दे इस बार के विधानसभा चुनावों में प्रमुख भूमिका निभायेंगे।

# 2 करोड़ कैश, लाखों का सोना..., निजामाबाद नगर निगम अधीक्षक के घर रेड में 'खजाना'

नूना न्यूज एजेंसी



**हैदराबाद।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने निजामाबाद जिले के नगर निगम कार्यालय और अन्य स्थानों पर छापेमारी की। छापे के दौरान नगर निगम के एक अधिकारी के घर पर तलाशी ली गई, जिसमें उसके यहां से लगभग छह करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक एसीबी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक अधीक्षक एवं प्रभारी राजस्व अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर अपनी सेवा के दौरान भ्रष्ट आचरण और संदिग्ध तरीकों से अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। एसीबी ने कहा कि यह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। एसीबी निजामाबाद रेंज ने एफआईआर दर्ज की और उनके घर और विभिन्न अन्य स्थानों पर तलाशी ली। तलाशी के दौरान 2.93 करोड़ रुपये की शुद्ध नकदी के अलावा अधिकारी, उनकी पत्नी और मां के नाम पर कुल 1.10 करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस, छह लाख रुपये का सोना और 1.98 करोड़ रुपये की 17 अचल संपत्तियां, सभी की कीमत लगभग 6.07 करोड़ रुपये है। एसीबी ने कहा है कि संपत्ति का पता लगाने के लिए आगे की तलाशी जारी है। मामले की जांच पड़ताल चल रही है।



तिहाड़ से बाहर निकालने के बाद कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकारते मनीष सिसोदिया व साथ हैं अन्य नेता।

# 10 अगस्त को ना-इन्साफी दिवस मनाया गया

## दलित मुसलमानों की आरक्षण की मांग हुई तेज

**अब्दुल हफीज**

**नई दिल्ली:** 10 अगस्त अगस्त को "ना-इन्साफी दिवस" के तौर पर मनाते हुए ऑल इंडिया यूनाइटेड मुस्लिम मोर्चा ने जंतर-मंतर पर एक दिवसीय धरना दिया। धरना का नेतृत्व मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हाफिज गुलाम सरवर ने किया। धरना स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए हाफिज सरवर ने कहा कि 10 अगस्त 1950 को तत्कालीन नेहरू सरकार ने मात्र एक अध्यादेश द्वारा संविधान की धारा 341 पर धार्मिक प्रतिबन्ध लगाकर भारत के पसमांदों (दलित मुस्लिमो) को अनु० जा० की सूची से निष्कासित कर दिया। सरकार का ये एक्शन मूलतः गैर संविधानिक, और भेद-भाव से ग्रसित था लेकिन सरकारी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए ऐसा किया गया जिसका प्रभाव ये पड़ा कि पसमांदा समाज शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक तौर पर रेस में सबसे पीछे छूट गया और आज अत्याचार का शिकार है। मोर्चा के उपाध्यक्ष अब्दुल हकीम हवारी ने कहा कि दलित मुस्लिम के इस इशू पर सारी पॉलिटिकल पार्टियां अंधी,




बहरी और गुंगी बनी हुई है। 1994 से इस एकल इशू पर चली आ रही तहरीक पर अल्पसंख्यक आयोग, सच्चर कमिटी, रंगनाथ मिश्रा आयोग, गुगली कमिटी रिपोर्ट यहाँ तक कि वाजपेयी जी की संविधान समीक्षा आयोग ने भी अपनी सहमति दी लेकिन सुप्रीम कोर्ट तक ने इस मांग को ठंडे बस्ते में डाल रखा है। इस मामले को केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट पर फेंक देती है और सुप्रीम कोर्ट केन्द्र सरकार पर। करवाने इत्तेहाद के संयोजक जीशान हैदर मलिक ने कहा कि 2019 में अयोध्या मसले के हल के समय मोर्चा ने सुप्रीम कोर्ट से ये 4 अर्ज किया था कि बड़े भाई (हिन्दु समाज) को अयोध्या की विवादित जमीन देकर उन्हें "सम्मान" दे दिया जाए और छोटे भाई (मुस्लिम समाज) को धारा 341 में शामिल कर उन्हें "वरदान" दे दिया जाए। उस समय 1949-50 से चले आ रहे ये दोनों मामले सुप्रीम कोर्ट में फाइनल स्टेज पर थे। सुप्रीम कोर्ट ने बड़े भाई को "सम्मान" तो दे दिया लेकिन छोटा भाई "वरदान" पाने का आज तक इंतजार कर रहा है। शायद सुप्रीम कोर्ट अब उन पर रहम कर दें। वरिष्ठ दलित नेता डी०सी० कपिल ने कहा कि 80 की दहाई तक दलितों की वही दुर्दशा थी जो आज कमजोर तबके के मुस्लिमों की है। दिनों-दिन अत्याचार का ग्राफ इन पर बढ़ता चला जा रहा, जबकि 1989 में बने "अत्याचार निवारण एक्ट" में दलितों एवं आदिवासियों को शामिल करने के कारण हमारे समुदाय पर अत्याचार होना बहुत कम हुआ है। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग की है कि पसमांदा समाज को "अत्याचार निवारण एक्ट 1989" मे शामिल किया जाए, ताकि इनके खिलाफ गलत एवं उत्तेजित नारों मारपीट, माबलिंचिग, दंगे-फसाद, महिलाओं एवं धार्मिक स्थलों से छेड़खानी पर रोक लगे। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के लिए सरकार को ना तो बड़ा संशोधन करना है और ना ही बड़ा बजट चाहिये लेकिन दंगे-फसाद की सियासत, जरूर खत्म होगी। इस अवसर पर मेहदी हसन मंसूरी, एडवोकेट ताहिर हुसैन, अधिवक्ता वासी अहमद ,डॉ इकरार भारती , शब्बीर अहमद मंसूरी, युसूफ मंसूरी ,एहतशाम बाबर,नाजिम इलाही ,संजय गुजर ,गौतम राणे सागर ,मौलाना गुलजार एवं हाजी नाजिम वगैरह ने संबोधित किया।

# डीआरडीओ ने विकसित की लाइट बुलेट प्रूफ जैकेट

नई दिल्ली, अगस्त : डीआरडीओ ने सबसे हल्के फ्रंट हार्ड आर्मर पैनल (एफएचएपी) से युक्त बुलेट प्रूफ जैकेट (बीपीजे) विकसित किया है। इस जैकेट को दो कॉनफि गरेशन - इन-कंजंक्शन-विथ (आईसीडब्ल्यू) और एफएचएपी के विभिन्न क्षेत्रीय घनत्व के साथ स्टैंडअलोन - में विकसित किया गया है। इस बुलेट प्रूफ जैकेट को डीआरडीओ की परियोजना के तहत विकसित किया गया है। इसके उत्पादन के लिए डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) नीति और प्रक्रिया के अनुसार विकसित प्रौद्योगिकी को भारतीय उद्योगों को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह बीपीजे नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें नवीन सामग्री के साथ-साथ नई प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया है। यह बीपीजे बीआईएस मानक 17051 की पुष्टि करता है और इसलिए, यह स्तर 6 का सबसे हल्का बीपीजे है तथा मध्यम आकार के लिए इसका वजन लगभग 10.1 किलोग्राम वजन है, जो ऑपरेशन के दौरान पहनने की क्षमता एवं आराम को बढ़ाता है। इस जैकेट में अन्य संबंधित सुविधाओं के साथ- साथ क्विक रिलीज मैकेनिज्म (क्यूआरएम) की एक अनूठी विशेषता भी है। यह बीपीजे आज की तारीख में भारतीय सशस्त्र बलों,सीएपीएफ के जवानों को 7.6254 आर एपी/एपीआई राउंड के अधिकतम संभावित खतरे से बचाएगा। यह जानकारी रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में सीएम रमेश को एक लिखित उत्तर में दी।

# बीकानेर हाउस में राजस्थानी हैंडीक्राफ्ट मेला

### राजस्थानी सांस्कृतिक गतिविधियां, हस्तशिल्प वस्तुएं और परिधान आकर्षक का केंद्र



**नई दिल्ली।** 10 अगस्त 2024 के बीकानेर हाउस में तीजोत्सव के अवसर पर बीकानेर हाउस मैनेजमेन्ट सोसायटी, पर्यटन विभाग एवं रूडा,जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 4 अगस्त 2024 से 11 अगस्त 2024 तक तीजोत्सव मेला का आयोजन किया जा रहा है। रूड़ा के मेला संचालक श्री ओम प्रकाश ने बताया कि इस उत्सव के दौरान रूडा द्वारा आयोजित हस्तशिल्प मेला में बंगरू से आए रामबाबू छिपा द्वारा तैयार बंगरू हेंडब्लाक प्रिंट की बेडशीट, सूट और महिलाओं के अन्य परिधानों की खूब बिक्री हो रही है। कोटा के मोहम्मद मारुफ ने कोटा डोरिया की साड़ियों का स्टॉल लगाया है जो दिल्लीवासी खरीददारों को को खूब भा रही है। नागौर के खुर्शीद अहमद ने स्टोन कार्डिग का स्टॉल लगाया है जिस पर पत्थर की नक्काशी अचंभित करने वाली है। बाड़मेर के अजरख प्रिंट मे नेशनल अवार्डी कारीगर मनोज खत्री में अजरख प्रिंट के परिधानों का स्टॉल लगाया है, जहां पर महिलाओं की भीड़ देखी जा सकती है।

## मॉडल टाउन इलाके में भरभराकर गिरी इमारत, एक की मौत; दो लोग घायल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में एक इमारत भरभराकर गिर गई। इसमें दबकर एक शख्स की मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल का इलाज चल रहा है। इलाके के महेंद्रू एन्क्लेव में एक इमारत अचानक गिर गई, जिसमें कई लोग फंस गए थे। तीन लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया था। इसमें एक ने दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य मामूली रूप से घायल हैं। दिल्ली फायर सर्विस ने बताया कि बचावकर्मी मौके पर पहुंच चुके थे और लोगों को रेस्क्यू करने में जुट गए थे। उत्तरी-पश्चिमी जिला के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में दो मंजिला मकान ढहने से तीन लोग दब गए।

# भारतीय परिधान और कपड़ा उद्योग ने ली बढ़त, अत्याधुनिक ई-लर्निंग कोर्स किया लॉन्च

नई दिल्ली, अगस्त : अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने ब्लूसाइन के साथ साझेदारी में ओबेरॉय आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में फाउंडेशन टू अपैरल सस्टेनेबिलिटी ई-लर्निंग कोर्स को गर्व से लॉन्च किया। यह पहल भारत के परिधान और कपड़ा उद्योग में स्थायी और नैतिक प्रथाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। भारत का परिधान और कपड़ा क्षेत्र राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, जो जीडीपी में लगभग 2% और विनिर्माण उत्पादन में 18 फिसदी का योगदान देता है। यह 45 मिलियन व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है और संबद्ध उद्योगों में 60 मिलियन अतिरिक्त लोगों का समर्थन करता है। दुनिया के 5वें सबसे बड़े निर्यातक के रूप में, भारत की प्रमुखता इस क्षेत्र में सतत विकास की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। उद्घाटन समारोह में रिचा ग्लोबल लिमिटेड अध्यक्ष वीरेंद्र उप्पल, अपैरल एक्सप्रोर्ट



प्रमोशन काउंसिल अध्यक्ष सुधीर सेखरी, पद्मश्री डा.ए सक्थिवेल और डायरेक्टर ऑफ कस्टमर रिलेशंस ब्लूसाइन टेक्नोलॉजीज कैथरीन वेरेना मेयर आदि उद्योग जगत की हस्तियों ने शिरकत की। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई।

# स्थापना दिवस के अवसर युवा कांग्रेस ध्वज आरोहण और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली, अगस्त : भारतीय युवा कांग्रेस न 64 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वज आरोहण और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर भारतीय युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को देश भर में पौधारोपण कार्यक्रम किया है। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि युवा कांग्रेस अपने स्थापना दिवस पर सबसे बड़े युवा संगठन के संघर्ष और कारनामों को याद करता है। युवा कांग्रेस के पास गतिशील नेताओं और सांसदों का एक समृद्ध इतिहास है, जिन्होंने अपनी उल्लेखनीय नीतियों और योगदान के साथ भारत के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में, युवा कांग्रेस एक जीवंत, गतिशील और लोकतांत्रिक संगठन बना हुआ है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि राहुल गांधी जी ने हमेशा युवा कांग्रेस के हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता को परिवार के रूप में मानने के लिए प्रोत्साहित किया है। अपनी स्थापना के समय से लेकर आज तक, भारतीय युवा कांग्रेस ने राष्ट्रहित की भावना को सर्वोपरि माना है। स्थापना दिवस पर हम सच्चे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता के जज्बे को सलाम करते है। भारतीय युवा कांग्रेस आपके साथ है, आपके लिए है। हम सदैव भारतीय लोकतंत्र में देश के युवा वर्ग की आवाज और आकांक्षाओं को मुखरता से स्वर देते रहेंगे क्योंकि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए युवाओं का सशक्तिकरण और उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस ने हमेशा सेवा और संघर्ष के मूल्यों को केंद्र में रखते हुए बीते छह दशकों में राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है और देता रहेगा। आज स्थापना दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी जी ने ध्वज आरोहण किया, इसके उपरांत आज देश भर में युवा कांग्रेस ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करने का संकल्प लिया है, देश भर में प्रदेश स्तर से लेके ब्लॉक स्तर तक के युवा कांग्रेस के साथी आज पौधारोपण के कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है। इस ही क्रम में आज राष्ट्रीय कार्यालय में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई राष्ट्रीय कार्यकारणी के पदाधिकारीगण और अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# पीयूष गोयल द्वारा दिल्ली में 8वें इंडिया इंटरनेशनल फुटवियर फेयर का उद्घाटन

नई दिल्ली, अगस्त : इंडिया इंटरनेशनल फुटवियर फेयर (आईआईएफएफ) के आठवें संस्?करण का उद्घाटन आज माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्?ली के भारत मंडपम में किया। इस अवसर पर विशिष्?ट अतिथि एवं सरकारी पदाधिकारी भी उपस्थित हुए, जिनमें सीआईएफआई के नेशनल प्रेसिडेंट वी. नौशाद, आईटीपीओ के कार्यकारी निदेशक रजत अग्रवाल, आईटीपीओ के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला, आईआईएफएफ 2024 की आयोजन समिति के चेयरमैन राज कुमार गुप्?ता और आईआईएफएफ 2024 की आयोजन समिति के महासमन्?वयक आलोक जैन शामिल थे। यह प्रतिष्ठित आयोजन 8 से 10 अगस्?त तक चलेगा। इसे कंफेडरेशन ऑफ इंडियन फुटवियर इंडस्?ट्रीज (सीआईएफआई) के सहयोग में इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ) द्वारा आयोजित किया है। यह आयोजन दुनिया के फुटवियर उद्योग के लिये एक प्रमुख इवेंट के तौर पर इसकी बढ़ती लोकप्रियता पर जोर देता है। आठवें इंडिया इंटरनेशनल फुटवियर फेयर (आईआईएफएफ) में दुनिया के 200 से ज्?यादा प्रदर्शक विभिन्?न प्रोडक्?ट्स को प्रदर्शित करेंगे। इनमें हाई-फैशन, लक्?जरी, खेल-कूद और रोजाना के फुटवियर होंगे। आयोजन के दूसरे दिन फुटवियर के नये-नये ट्रेंड्ज दिखाने वाला एक फैशन शो होगा।

# सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर हो रहा है वक्फ एक्ट मे बदलाव : वसीम राजा



वसीम राजा

पटना, अगस्त (सवेरा) : बिहार भाजपा के प्रवक्ता एवं मुस्लिम कल्याण बोर्ड के पूर्व वाइस चेयरमैन वसीम राजा ने वक्फ एक्ट मे हो रहे बदलाव पर कहा कि वक्फ एक्ट में बदलाव सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ही किया जा रहा है। इससे किसी भी मुस्लिम संपति को नुक्सान नहीं होगा।

वसीम राजा ने कहा कि देश मे एक गुमराहीयत गैंग है जो लोगों को गुमराह करने का कोई मौका नही छोड़ता जब का सी.ए.ए. आया था तब भी इस गैंग ने कहा था कि मुसलमानों की नागरिकता चली जाएगी और अब ये कह रहे हैं कि इस एक्ट से मुस्लिम संपति का नुक्सान होगा परंतु इस एक्ट से मुस्लिम समाज को लाभ होगा।

वसीम राजा ने कहा कि वक्फ की ज्यादतर संपतियों पर भू-माफिया का कब्ज़ा है जिसका मुस्लिम समाज को कोई लाभ नही है। वक्फ बोर्डों में अरबों रुपए का घोटला हो रहा है। इस एक्ट से पारदर्शिता आएगी जिससे घोटालेबाजों पर शिकंजा कसा जाएगा । इस एक्ट से जिन लोगों की संपत्तियां जाती नज़र आ रही है उन लोगों में बौखलाहट है और वो देश को गुमराह कर रहे हैं कि मुस्लिम समाज को इसका नुक्सान होगा परंतु पुराने एक्ट से लोगों को नुक्सान हो रहा था न किसी गरीब को न किसी यतीम में और न ही किसी महिला को लाभ होता था परंतु नए एक्ट से इन सभी को लाभ मिलने वाला है।

## काम से लौट कर दो बाइकों की भिड़ंत, युवक की मौत

**सवेरा न्यूज/ओमपाहवा यमुनानगर :** दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पांडो निवासी राहुल कुमार काला आंब फैक्ट्री में सफाई का कार्य करता है। उसका पड़ोसी 21 वर्षीय अनुज भी उसके साथ फैक्ट्री में कार्य करता है। सुबह वह फैक्ट्री में ड्यूटी के लिए घर से निकले। फैक्ट्री में काम खत्म कर वह दोनों बाइक पर घर लौट रहे थे। जब वह साढौरा काला आंब रोड पर असगरपुर माजरा के पास पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक से उनकी भिडंत हो गई। टक्कर लगते ही वह दोनों सडक पर जा गिरे। अनुज का सिर सडक में लगा। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। उसे अस्पताल में लेकर गए।

# पंजाब को केंद्र से वित्तीय सहायता की मांग की

**नई दिल्ली/कास.**

न्यूज, अगस्त : एसटी,एससी समुदाय से जुड़े करीब 100 भाजपा सांसदों ने आज शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान सांसदों ने एसटी/एससी के लिए क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संबंध में संयुक्त रूप से एक ज्ञापन सौंपा और मांग की कि इस फैसले को एसटी/एससी समाज में नहीं लागू किया जाना चाहिए। सांसदों के मुताबिक पीएम मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह इस मामले को देखेंगे। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भाजपा राज्यसभा सांसद एवं श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो.सिकंदर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि सरकार सांसदों के पक्ष में काम करेगी। दोनों सदनों के करीब 100 सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज पीएम मोदी से मुलाकात कर अपनी मांगे रखीं। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविदास आचार्य एवं उत्तराखंड के पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ और महापीठ के संगठन महामंत्री सूरज भान कटारिया ने स्पष्ट कहा है की एससी/एसटी से क्रीमी लेयर (पहचानने) (और आरक्षण लाभ से उन्हें बाहर करने) पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू नहीं किया जाना चाहिए। इससे पहले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर असहमति जताई थी और कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) इस फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करेगी।

# ब्रह्मयोनी पहाड़ी पर मिला मधुमेह का इलाज, औषधीय पौधों में छिपा गहरा राज

नई दिल्ली, अगस्त : भारतीय शोधकताओं का कहना है कि मधुमेह पर काबू पाने में औषधीय पौधे असरदार हैं। एक अध्ययन में शोधकताओं ने बिहार के गया स्थित ब्रह्मयोनी पहाड़ी पर मौजूद औषधीय पौधों की क्षमताओं को उजागर किया है। इन्हीं में एक का इस्तेमाल सीएसआईआर ने अपनी महत्वपूर्ण दवा बीजीआर-34 में किया जो आज दोहरी क्षमताओं के साथ काम कर रही है। यह औषधीय पौधा गुड़मार है जिसमें पाए जाने वाले जिम्नेमिक एसिड में रक्त शर्करा को घटाने की अनोखी क्षमता है। जिम्नेमिक एसिड की खूबी यह है कि यह आंत की बाहरी परत में रिसेप्टर के स्थान को भर देता है। इसी तरह गुड़मार में फ्लेवोनोइड्स और सैपोनिन भी मौजूद हैं जो लिपिड के मेटाबॉलिज्म (उपापचय) को नियंत्रित करते हैं। फ्लेवोनोइड्स में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जबकि सैपोनिन कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्रिएटिव रिसर्च थौट्स (आईजेसीआरटी) में बिहार के मगध विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों ने इस अध्ययन में बताया कि ब्रह्मयोनी पहाड़ी पर पाए जाने वाले तीन औषधीय पौधों में से एक गुड़मार (जिम्नेमा सिल्वेस्ट्रे) है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने शेरों के संरक्षण की प्रतिबद्धता दोहराई



**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्व शेर दिवस के मौके पर शेरों के संरक्षण को लेकर अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्व शेर दिवस पर, मैं शेरों के संरक्षण की दिशा में काम करने वाले सभी लोगों की सराहना करता हूं। मैं शेरों के संरक्षण को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को भी दोहराता हूं। जैसा कि हम सभी जानते हैं, गुजरात के गिर में शेरों की एक बड़ी आबादी पाई जाती है। पिछले कुछ वर्षों में उनकी संख्या में काफी वृद्धि हुई है, जो एक अच्छी खबर है।

# पानीपत व यूपी पुलिस के अधिकारियों के बीच हुई बैठक

■ शांती, सुरक्षा के मुद्दों पर बैठक में चर्चा हुई, आपसी तालमेल बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगी दोनों राज्यों की पुलिस

बापौली, अगस्त : पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की सलाह पर उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान की अध्यक्षता में जिला पुलिस के अधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यूपी पुलिस के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को थाना बापौली में इंटर स्टेट बैठक का आयोजन किया। जिसमें चुनाव के दौरान आपसी समन्वय स्थापित कर सनौली यमुना बार्डर सहित हरियाणा व यूपी के यमुना नदी से सटे क्षेत्र में अलर्ट रहने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में थाना बापौली प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन, थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार, थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज, डीएसपी रीडर एएसआई राजीव व यूपी की तरफ उप पुलिस अधीक्षक कैराना अमरदीप मौर्य, थाना कैराना प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र, थाना झिंझाना प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह व थाना छपरौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर दविंदर पाल मौजूद रहें। इधर उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद कादियान ने बैठक में कहा कि दोनों प्रदेशों के अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के बीच आपसी तालमेल करके कार्य करना है ताकि बार्डर के जरिये प्रतिबंधित सामग्री का आदान प्रदान न हो सके। इधर सनौली हरियाणा यूपी बार्डर पर सीसीटीवी कैमरे पहले ही लगाये गये है। हरियाणा विधान सभा चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद यमुना नदी के किनारे पर पुलिस टीम और अधिक सक्रिय रूप से गश्त व चैकिंग अभियान चलाएगी। ड्रोन कैमरे से भी आसपास के क्षेत्र में निगरानी रखी जाएगी ताकि कोई भी असामाजिक तत्व यमुना नदी के बीच से शराब व अन्य प्रतिबंधित सामग्री की सप्लाई न कर सके। इस दौरान पीओए बेल जंपर व मोस्ट वांटेड अपराधियों की सूची का आदान प्रदान किया गया। साथ ही यूपी की तरफ यमुना नदी के साथ लगते गांव में और अधिक गश्त व पेट्रोलिग की व्यवस्था करने पर चर्चा हुई। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जाएगी।

## दुष्कर्म करने व वीडियो वायरल करने के मामले में 2 दबोचे

**कैथल :** दुष्कर्म करने व वीडियो वायरल करने के मामले की जांच सिविल लाइन पुलिस की लेडी एएसआई सुदेश कुमार द्वारा करते हुए कैथल निवासी अनिकेत व नवीन को काबू कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल की एक कालोनी निवासी युवती की शिकायत के अनुसार उसकी अनिकेत के साथ दोस्ती थी। मार्च 2024 में अनिकेत उसको कैथल के रेस्टोरेंट में ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया व उसकी अश्लील वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर भी अप्रैल में उसके साथ गलत काम किया। शिकायत के अनुसार अनिकेत ने फेक आईडी बनाकर उसकी वीडियो वायरल कर दी तथा अनिकेत के दोस्त नवीन द्वारा भी उसके साथ छेड़खानी की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

# उद्धव दिल्ली से खाली हाथ लौटे, मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर नहीं मिला भरोसा : भाजपा



**दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता उद्धव ठाकरे दिल्ली से खाली हाथ लौटे क्योंकि उन्हें आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए (महाविकास अघाडी) एमवीए के मुख्यमंत्री पद का चेहरा होने का आश्वासन नहीं मिला। राष्ट्रीय राजधानी के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से मुलाकात की। इसके एक दिन पहले उन्होंने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से भी मुलाकात की थी।ठाकरे अपनी पत्नी रश्मि और बेटे आदित्य के साथ बृहस्पतिवार देर शाम मुंबई लौट आए। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्याय ने यहां संवाददाताओं को बताया कि दिल्ली में तीन दिन रहने के बाद ठाकरे को खाली हाथ लौटना पड़ा, हालांकि वह मुख्यमंत्री पद फिर से हासिल करने की उम्मीद कर रहे थे। उपाध्याय ने दावा किया, महाराष्ट्र के लिए कुछ भूल जाइए, शिवसेना प्रमुख अपने लिए भी कुछ हासिल नहीं कर सके। मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए वह दिल्ली में अपना मामला आगे बढ़ाते रहे, लेकिन खाली हाथ लौट आए। उपाध्याय ने आगे दावा किया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण द्वारा यह घोषणा किए जाने से ठाकरे निराश हो गए कि मुख्यमंत्री के बारे में फैसला विधानसभा चुनावों के बाद लिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### कोतवाली देहात में दो अवैध क्लीनिक सील

**कोतवाली देहात:** नगीना तहसील के नोडल अधिकारी डाक्टर प्रमोद देशवाल ने कसबे में बिना प्रशिक्षित डॉक्टर के चल रहे क्लीनिक को सील कर दिया। कोतवाली देहात क्षेत्र कस्बे के नगीना रोड स्थित नवजीवन हॉस्पिटल व नहटौर रोड स्थित रॉयल हॉस्पिटल में संचालित है। नगीना तहसील के नोडल अधिकारी डाक्टर प्रमोद देशवाल ने शुक्रवार को दोनों अस्पतालों पर छापा मारा। इस दौरान दोनों अस्पतालों में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। दोनों अस्पताल में कुछ कर्मचारी मौजूद मिले। नोडल अधिकारी ने क्लीनिक संचालक के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए क्लीनिक सील कर दिया। डाक्टर प्रमोद देशवाल ने बताया कि चिकित्सक को नोटिस जारी कर दिया गया है। यदि कागज नहीं दिखाए जाते हैं तब चिकित्सक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### सोने-चांदी के जेवरात व पांच हजार रुपये की चोरी

**मंडावर:** चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए सोने चांदी के जेवरात सहित पांच हजार की नगदी चोरी कर ली। गृह स्वामी ने चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी। गांव गिदडपुरा निवासी महेंद्र सिंह काफी समय से अपने परिजनों के साथ कोटद्वार में रहते हैं। गुरुवार की शाम महेंद्र सिंह अपने परिजनों के साथ अपने घर पहुंचे तो उनके घर में लगे सभी दरवाजों के ताले टूटे पड़े थे। जब उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो घर में सभी सामान बिखरा पड़ा था। और सैफ अलमारी खुली पड़ी थी। जब उन्होंने घर में रखा सामान देखा तो। घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित पांच हजार की नगदी घायब थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। ग्रह स्वामी ने चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी है।

### तीन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**बिजनौर:** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव मे एक व्यक्ति की धक्का देने से मौत हो गई थी। परिजनो ने गांव के ही तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर तीन लोगो के खिलाफ गैर इरादे तन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव इस्लामपुर लाल उर्फ जुड्डी निवासी बिलेकचंद सिंह 45 वर्ष पुत्र बाबुराम सिंह को गांव के ही तीन युवक घर से बुलाकर ले गये। गांव के चौराहे पर ले जाकर मारपीट कर धक्का दे दिया। इसमें बिलेकचंद का सिर पक्की सड़क में लग गया इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। मृतक की की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मनोज पुत्र घसीटा,जैनिस पुत्र तेजपाल, गुलजारी पुत्र जयराम निवासीगण इस्लामपुर लाल उर्फ जुडी के खिलाफ गैर इरादे तन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया शहर कोतवाल उदय प्रताप सिंह ने बताया की पत्नी की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ गैर इरादे इरादेतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। कार्यवाही की जा रही है।

## धरना प्रदर्शन के बाद पुलिस ने किया चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर दलित समाज के लोगों ने धरना प्रदर्शन किया जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया, पुलिस जांच में जुटी हुई है। शनिवार को भीम आर्मी जिलाध्यक्ष मोनू सागर के नेतृत्व में कार्यकताओं ने एकत्रित होकर कोतवाली में धरना प्रदर्शन किया। आरोप है कि दीपांशु पुत्र सतपाल सिंह निवासी गांव मुबारकपुर कला का रहने वाला है। और वह अपने दोस्त गौरव पुत्र महेश सिंह निवासी गांव मुबारकपुर कला के साथ गत पांच अगस्त की शाम को खाना लेकर अपने बाग में जा रहा था। जहां गांव शेखपुर झकड़ी में बाग के अंदर गांव शेखूपुर झकड़ी निवासी चार लोग बैठकर शराब पी रहे थे। और उन्होने युवक के साथी को देखते ही गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इसके बाद कोतवाली पुलिस से मामले की शिकायत की गई लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज भीम आर्मी कार्यकताओं ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं की पुलिस से नोकरी हुई जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया इस संबंध में कोतवाल सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी राजपाल पुत्र भंता, करनपाल एवं हरवीर तथा संजीव पुत्रगण राजपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया और मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है।

## थाना समाधान दिवस में आई चार शिकायते दो का हुआ निस्तारण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को शासन की मनसा अनुसार लगाए जा रहे थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें एसडीएम एवं सीओ ने फरियादियों की फरियाद सुनी, थाना समाधान दिवस में मात्र चार शिकायतें दर्ज की गई जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा दो शिकायतों के लिए संबंधित हल्का दरोगा व लेखपाल को आदेशित कर दिया गया, बताते चले कि थाना समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी सुनीता कुमारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने फरियादियों की फरियाद सुनी, इस मौके पर राजस्व विभाग से संबंधित दो शिकायतें प्राप्त हुई तथा दो अन्य शिकायतें झगड़ा मारपीट से संबंधित प्राप्त हुई जिसमें से दो शिकायतों का



अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया वह अन्य दो शिकायतों के निस्तरों के लिए संबंधित दरोगाओं व हल्का लेखपालों को आदेशित कर दिया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से एसडीएम सुनीता सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह, मांगेराम शर्मा एवं अन्य संबंधित लेखपाल व हलका दरोगा मौजूद रहे।

## आज आचार्य प्रमोद कृष्णम करेंगे छड़ी मेले का उद्घाटन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मनौटा में रविवार को वार्षिक छड़ी मेले का उद्घाटन करने के लिए कालिक पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के पहुंचने की जानकारी संत हर मनोज दास ने दी, शनिवार को क्षेत्र के गांव मनौटा मछरई स्थित आश्रम के संत हर मनोज दास ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को ग्राम मनौटा में लगने वाले वार्षिक जाहरवीर बाबा के छड़ी मेले का शुभारंभ कालिक पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा विधिवत रूप से शाम 4 बजे शुभारंभ किया जाएगा, उन्होंने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी छड़ी मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जाहरवीर बाबा का आशीर्वाद लोगों को प्राप्त होता है, तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा मेले में चाट पकौड़ी एवं सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री की भी खरीदारी की जाती है, वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल के मौजूद रहने कि उन्होंने प्रशासन से मांग की है।

## भाकियू भूमि ने अल्पसंख्यक मोर्चा का किया विस्तार, दर्जनों को सौपा पदभार

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा।** शनिवार को अमरोहा नगर में भाकियू भूमि की बैठक आयोजित कर दर्जनों लोगों को पद ग्रहण कराते हुए किसान तथा संगठन हित में कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को जनपद नगर के मौहल्ला नल नई बस्ती स्थित भारतीय किसान यूनियन भूमि के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शवाब खान के निर्देशन तथा प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल कटारिया के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता अंसार मलिक ने बताया कि मौहल्ला नल नई बस्ती निवासी इरफान अंसारी को अल्पसंख्यक मोर्चा का नगर उपाध्यक्ष तथा अफजल अहमद को नगर अध्यक्ष एवं वसीम खां को नगर प्रभारी तथा मोहम्मद दानिश को मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल



कटारिया ने कहा कि सभी नव मनोनीत पदाधिकारीयों का फूल मालाएं पहनकर स्वागत करते हुए उनको प्रमाण पत्र सौंपे गए हैं,और संगठन तथा किसान हित में कार्य किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन भूमि बड़ा विस्तार करने जा रही है और प्रतिदिन सदस्य एवं कार्यकताओं को पदभार सौंपा जा रहा है। इस दौरान मौके पर नव मनोनीत कार्यकताओं सहित दर्जनों संगठन के लोग मौजूद रहे।


## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**नहटौर:** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मारपीट करने व जातिसूचक शब्दों के मामले में चार लोगों के विरुद्ध एससी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। कोर्ट द्वारा दर्ज किए गए मुकदमे में पीड़ित रोकी पुत्र रूपचंद निवासी गांव पाली जट ने बताया कि वह गांव सलारपुर में इंतजार अहमद के जनसेवा केंद्र पर काम करता है।आरोप है कि गुलफाम व खुर्शीद पुत्रगण अमीरुद्दीन,मासूम पुत्र अख्तर व मुफीद पुत्र महमूद निवासी गांव सलारपुर ने मिलकर गत 18 जून को इंतजार के जनसेवा केंद्र पर ही पहुचकर कहा यहां जनसेवा केंद्र पर नौकरी क्यों करता है। प्रार्थी के साथ जमकर मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गालियां दी। मारपीट में दांत भी टूट गया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। घटना की शिकायत थाने व एसपी बिजनौर से जाकर की जिसके बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई। पीड़ित को जान को खतरा बना हुआ था। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गुलफाम,खुर्शीद,मासूम व मुफीद के खिलाफ एससी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रशासन ने बरूकी में 11 दुकानों पर किये नोटिस चस्पा

बिजनौर

**मोहम्मदपुर** देवमल ब्लॉक की ग्राम पंचायत बरूकी मे 11 दुकानों के निर्माण को प्रशासन ने ग्राम समाज की भूमि में बता बताकर अवैध कब्जा हटाने का नोटिस चस्पा कर दिया। उधर दुकानदारों ने तहसील प्रशासन पर दुकान की जमीन की पत्रावली गायब करने का आरोप लगाया। सदर तहसील प्रशासन ने पुलिस फोर्स के साथ ग्राम बरुकी में ग्राम समाज की भूमि पर बनी 11 अवैध दुकानों पर बेदखली का नोटिस चस्पा किया। नोटिस में बताया कि जहां दुकान है ग्राम समाज की भूमि पर बनी हुई है, ये अवैध हैं। इसमें जिस गाटा संख्या में दुकान बनी हुई है उससे गाटा संख्या 458 ग से दुकानदारों को बेदखल कर दिया गया। सभी दुकानदार ग्राम पंचायत की भूमि से अवैध कब्जा हटाकर ग्राम पंचायत को सौंप दें । अवैध कब्जा हटाकर कब्जा हटाने की सूचना एक सप्ताह के अंदर तहसीलदार सदर




को दे। अवैध कब्जा धारकों में बेदखली के नोटिस दुकानों पर चिपकाने से दुकान मालिकों में हड़कंप मच गया। उधर दुकानदारों का कहना है कि तहसील प्रशासन ने जानबूझकर कुछ दुकानों की पत्रावलियां पैसे लेकर गायब कर दी। दुकानदारों ने बताया कि न्यायालय तहसीलदार की अदालत में सभी दुकानों की पत्रावलियां मौजूद है। लेकिन तहसील प्रशासन ने भारी भरकम वसूली करके कुछ पत्रावलिया गायब कर दी। कुछ दुकानों पर बेदखली के लिए नोटिस चस्पा कर दिये गए।

## कांवड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, कई घायल

### मौके पर पहुंची मंडावली व नजीबाबाद पुलिस, घायलों को भेजा अस्पताल

नजीबाबाद

**हरिद्वार** से गंगाजल लेने जा रहे शिव भक्तों की ट्रैक्टर-ट्राली अचानक गड्ढे में पलटने से कई कांवड़िए मामूली रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में भर्ती कराया, जहां पर नजीबाबाद पुलिस भी हाल-चाल जानने के लिए पहुंची। चिकित्सकों के अनुसार अब कांवड़ियों की हालत में सुधार है।

जनपद रामपुर की तहसील मिलक के लगभग 50 शिवभक्तों का दल ट्रैक्टर-ट्राली और बाइकों द्वारा गंगाजल लेने हरिद्वार जा रहा था। पुलिस के अनुसार मंडावली थाना क्षेत्र में स्थित स्वयंभू मोटा महादेव सिद्धपीठ के पास पहुंचने पर अचानक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई, जिससे



ट्रैक्टर-ट्राली को क्रेन की मदद से बाहर निकलवाती पुलिस।

चीख-पुकार मच गई। कांवड़िए रामपुर से गुरुवार देर रात चले हुए बताए जा रहे हैं। जिला रामपुर तहसील मिलक के अताई नगर निवासी प्रियंका, प्रीति, काजल, शिखा, एकता आदि घायल हो गए। इनके अलावा 10 से 12 और लोग ट्रैक्टर ट्राली में सवार से जो सभी सुरक्षित हैं। इस दल में शामिल शेष शिव भक्त अपनी बाइकों पर सवार थे और सभी गंगाजल लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। मंडावली पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर नजीबाबाद में भर्ती कराया। इसके बाद मंडावली पुलिस ने जेसीबी मंगवाकर गड्ढे से कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्राली को बाहर निकलवाया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली नजीबाबाद के थानाध्यक्ष संजय कुमार तोमर पुलिस बल के साथ घायलों का हालचाल जानने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर पहुंच गए। उन्होंने चिकित्सकों से घायलों के बारे में पूछा, जिस पर चिकित्सकों ने हालत में सुधार होने की बात कही।

## बच्ची के कानों से सोने की बालियां लेकर महिला फरार

चांदपुर

**नगर** में अज्ञात महिला एक बच्ची के कानो से सोने की बालियां निकालकर हुई फरार। महिला बच्ची को ले जाते सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद। पीड़ित ने महिला के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज। पुलिस महिला की तलाश में जुटी।

नगर के मोहल्ला चाहसंग निवासी गुलशेर खान पुत्र सरदार खान ने थाने में कराई रिपोर्ट दर्ज में आरोप लगाते हुए बताया की मेरी पत्नी के पास घर पर एक बुरखे में एक महिला आई और आकर कहा कि में आपकी बच्ची के स्कूल टीचर की बहन हूं बताया की फ्री में ट्यूशन पढ़ाती हूं और गरीब बच्चियों को सरकारी कोर्स भी दिलाती हूं। महिला ने कहा आप मेरी परिचित है आप बच्ची को मेरे साथ भेज दो महिला ने गुलशेर की पत्नी को सभी पड़ोसी और रिश्तेदारों के नाम भी बताए और एक मोबाइल नम्बर भी दे दिया। महिला पर विश्वास करके गुलशेर की पत्नी ने अपनी दस वर्षीय बच्ची को महिला के साथ भेज दिया। बच्ची के जाने के दस मिनट बाद ही उसे

### चांदपुर पुलिस महिला की तलाश में जुटी

अहसास हुआ कि अंजान महिला के साथ बच्ची को गलत भेज दिया। उसने मोहल्लेवासियो को यह बात बताई आनन फानन मे शोर मचने पर बच्ची की तलाश शुरू कर दी। मौके पर शहर इंचार्ज एसआई अजीत सिंह घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी महिला द्वारा बच्ची को नगर के अनेक गली मुहल्ले घुमाते हुए बच्ची को मोहल्ला शाहचंदन मे छोड़कर भाग गई और बच्ची के कानो से सोने की बालियां निकालकर ले गई। महिला बच्ची को ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बच्ची के पिता ने अज्ञात महिला के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है मामले में पुलिस गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर महिला को तलाश रही है।

## एसपी ने एक इंस्पेक्टर सहित सात दारोगा के किये तबादले



एसपी अभिषेक झा।

**बिजनौर:** एसपी अभिषेक झा ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुस्त रखने के लिए एक इंस्पेक्टर व छः दारोगा ओ के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया। इसमें महिला इंस्पेक्टर विजय सिरोही को क्राइम ब्रांच से प्रभारी महिला परामर्श प्रकोष्ठ, एस आई प्रवीण मलिक को पुलिस लाइन से शहर कोतवाली, सुशील कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी तहसील शहर कोतवाली, जयप्रकाश को पुलिस लाइन से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा बिजनौर, मीर हसन को प्रभारी तहसील चौकी से प्रभारी चौकी बालावाली थाना मंडावर, सुभाष तोमर पुलिस लाइन से बालावाली चौकी किया गया ट्रांसफर संशोधन करते हुए थाना नहटौर किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा

बिजनौर

**लैंगिक** अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम कोर्ट के स्पेशल अपर जिला जज प्रकाश चंद शुक्ला ने धामपुर क्षेत्र की दलित किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में नूरपुर क्षेत्र के कन्हैया शर्मा उर्फ कृष्ण कुमार को एससी एसटी एक्ट और दुष्कर्म के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर एक लाख दस हजार रुपए रुपए का जुर्माना भी लगाया। तो वहीं इस केस की सह अभियुक्ता आरती उर्फ निधि को अदालत ने सबूत के अभाव में बरी कर दिया।

अदालत में शासकीय पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक योगेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि धामपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया जिसमें उसने बताया कि वह एक दलित व्यक्ति है। उसी के गांव में का रहने वाला दीपक शर्मा के घर उसका साला कन्हैया शर्मा उर्फ कृष्ण कुमार रहता है। 31 जुलाई 2020 की रात को दीपक शर्मा का साला कन्हैया शर्मा उर्फ कृष्ण कुमार उसकी



16 वर्षीय लड़की को बहला फुसला कर ले गया। आरोपी के इस अपराध में बरेली की फतेहगंज की रहने वाली आरती उर्फ निधि पत्नी उमेश ने संरक्षण देकर उसकी मदद की थी। फोन लोकेशन के आधार पर नाबालिग को बरामद कर दोनों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। कार्रवाई के दौरान आरती उर्फ निधि के खिलाफ कोई ठोस सबूत न मिलने के कारण अदालत ने उसे बाइज्जत बरी कर दिया। जबकि मुख्य आरोपी कन्हैया शर्मा उर्फ कृष्ण कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और जुर्माना से दंडित किया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि जुमार्ने की राशि में से एक लाख रुपए पीड़ित पिता को देने के आदेश दिए।

## सऊदी से पति ने फोन पर पत्नी को दिया तीन तलाक, रिपोर्ट दर्ज

**नजीबाबाद:** विवाहिता ने ससुरालियों पर उत्पीड़न करने और जेठ पर गलत नजर रखने, अश्लील हरकते करने का आरोप लगाते हुए नजीबाबाद थाने पहुंचकर ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है, विवाहिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसरालियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। नजीबाबाद थाना क्षेत्र के मौहल्ला सेवाराम निवासी एक महिला ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसकी शादी इमरान पुत्र अनीश निवासी गांव समीपुर से मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी, माता पिता ने अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज दिया था, शादी के बाद से ही पति इमरान, जेठ उस्मान व नन्द उसे तंग व परेशान करने लगे थे, विवाहिता अपने माता पिता की इज्जत की खातिर ससुरालियों के जुल्म बर्दाश्त करती रही, पिछले साल दिसंबर में उसका पति कुवैत काम करने चला गया था, उसके बाद ससुराल वाले घर में कैद रखते थे, आरोप है कि जेठ उस्मान गन्दी नजर रखने लगा था। पुलिस ने विवाहिता के पति, जेठ सहित ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर गरजेंगे शिक्षक



बिजनौर

**पेंशन** बचाओ मंच उत्तर प्रदेश शाखा जनपद शाखा बिजनौर के मोहम्मद पुर देवमल की सिंचाई विभाग के सभागार में प्रांतीय आह्वान पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि की अध्यक्षता एवं अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चन्द्र यादव के संचालन में संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह एनपीएस एवं निजीकरण देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक है। 27 सितंबर को जिला मुख्यालय पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने अटेवा के संघर्ष की तारीफ करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए निरंतर संघर्ष करने से ही पुरानी पेंशन हासिल होगी। इस मौके पर जयप्रकाश पाल, नरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, ज्ञानेंद्र चौधरी, नवीन चौधरी, वीरेंद्र कुमार, पंकज कटरिया, अजय पाल सिंह, कुलदीप कुमार सिंह, संदीप कुमार आदि रहे।

## चांदपुर नगर के बेसमेंटों में चल रहे हैं कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी

चांदपुर

**दिल्ली** के राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर की लाइब्रेरी में हुए हादसे के बाद भी स्थानीय प्रशासन नहीं चेत रहा। नगर में आधा दर्जन से अधिक कोचिंग संचालक नियमों को ठेंगा दिखाते हुए अब भी बेसमेंट में कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी संचालित कर रहे है और स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक की तरह किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठा है।

एसडीएम ने खानापूरी करते हुए नगर में 23 बेसमेंट वाले मकान स्वामियों को नोटिस थमा कर कार्य की इतिश्री कर ली है और उन्हें नक्शा दिखाने के निर्देश दिए। दिल्ली के राजेंद्र नगर में हुए हादसे के बाद भी चांदपुर नगर में बेसमेंट में कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी सहित शादी समारोह का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इतना ही नहीं बेसमेंट में अस्पताल व




जिम का भी संचालन हो रहा है। एसडीएम द्वारा नगर में 23 मकान स्वामी को नोटिस भेज कर नक्शा दिखाने का निर्देश दिया। आपको बताते चलेगी चांदपुर नगर में दिल्ली के हादसे के बाद भी नहीं जग रहा है। नगर में बेसमेंट में कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी का संचालन धडल्ले से जारी है। कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी के संचालक सरकार व प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे है और नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं । इन बेसमेंट में बच्चों के आने एवं जाने का केवल एक रास्ता है। डीएम द्वारा न नगर में बनाये गये सभी बेसमेंट की जांच कर कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए गए हैं। उप जिलाधिकारी के द्वारा इसके लिए चार टीमों का भी गठन किया गया है। इसमें तहसीलदार, नगर पालिका ईओ, विनियमित क्षेत्र के जेई, लोक निर्माण विभाग के जेई के द्वारा जांच की जायेगी। लेकिन तहसील प्रशासन की ढिलाई के चलते नगर के कोचिंग संचालक बेखौफ बेसमेंट में कोचिंग सेंटर संचालित कर रहे हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी चांदपुर विजय शंकर से संपर्क किया तो कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया।

## अज्ञात लड़की का शव पड़ा मिला



शव ले जाते सिपाही।

मंडावर

**शुक्रवार** की सुबह गांव कोहरपुर के सामने गंगा किनारे लकड़ी की झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फंसा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार की सुबह गांव कोहरपुर के सामने ग्रामीणों ने गंगा किनारे लकड़ी की झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का गला सड़ा शव फंसा देखा । शव में से बहुत दुगंध आ रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सरकार ने करीब 43 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये हैं - ईटीओ

## मेहता में स्वरोजगार शिविर में 96 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया

( डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू )



**अमृतसर 10 अगस्त 2024** --मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और अपने ढाई साल के कार्यकाल के दौरान सरकार ने 43 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। ये शब्द कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने व्यक्त किये। बाजार समिति मेहता में आयोजित रोजगार एवं स्वरोजगार शिविर के दौरान 96 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराना है. उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए ग्राम स्तर पर रोजगार शिविरों का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में स्वरोजगार प्रदान करने के लिए पंजाब के विभिन्न विभागों जैसे बैकफिनको अमृतसर, एससी कॉर्पोरेशन अमृतसर, जिला उद्योग केंद्र अमृतसर , डेयरी विकास बोर्ड अमृतसर, पंजाब कौशल विकास मिशन अमृतसर, ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान प्रौद्योगिकी, अमृतसर, पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, अमृतसर ने भाग लिया है और युवाओं को ऑफर लेटर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस शिविर में रक्षा सिक्योरिटीज, मैक्स कोचर टेक, शेयर इंडिया आदि प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और लड़के और लड़कियों को नौकरी के विभिन्न अवसर प्रदान किए गए। इस शिविर में कुल 211 युवाओं ने भाग लिया तथा 96 बच्चों को जॉब ऑफिसर उपलब्ध कराये गये हैं।

# गैर जरुरी काम छोड़कर पहले नैशनल हाईवे के प्रोजेक्टों पर ध्यान दे राज्य सरकार झ औजला

>> गुरु नगरी को सबसे ज्यादा इन प्रोजेक्टों की जरुरत
>> 20 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट बंद होने की कगार पर



**अमृतसर। (ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार )** पंजाब में बंद होने की कगार पर पहुंचे नैशनल हाइवे प्रोजेक्टों पर नितिन गडकरी की ओर से मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि राज्य सरकार को चाहिए कि सारे अन्य गैर जरुरी काम छोड़कर पहले इन प्रोजेक्टों पर ध्यान दें। सांसद औजला ने कहा कि अगर राज्य सरकार ने गंभीरता से इस तरफ ध्यान नहीं दिया तो फिर उनका घेराव किया जाएगा। 3200 करोड़ के प्रोजेक्ट पहले से बंद, अभी 14200 करोड़ के अन्य प्रोजेक्ट बंद होने की कगार पर रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे मिनिस्टर नितिन गडकरी की ओर से मुख्यमंत्री भगवंत मान को चिट्ठी लिखकर चेताया गया है कि अगर पंजाब में प्रोजेक्टों पर काम सुचारू रूप से नहीं हुआ और जमीन को एक्वायर करके नहीं दिया गया तो फिर प्रोजेक्टों को टर्मिनेट कर दिया जाएगा। नैशनल हाइवे अथारिटी की ओर से 104 किलोमीटर के 3263 करोड़ के प्रोजेक्ट पहले ही बंद कर दिए गए हैं उसके बाद अब 293 किलोमीटर के 14200 करोड़ के अन्य प्रोजेक्ट भी बंद करने की चेतावनी दी गई है। इनमें खास तौर पर दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा- हाईवे शामिल है। लिखी गई चिट्ठी में जालंधर और लुधियाना में प्रोजेक्ट वर्कर्स के साथ हई घटनाओं का भी जिक्र किया गया है। जिसके संबंध में आज सांसद गुरजीत सिंह औजला ने भी अपना विरोध दर्ज करवाया है।

# न सही तरीके से विनेश का पक्ष रखा गया और न ही सपोर्ट स्टाफ का ढंग से साथ मिला: करणवीर लौट



कार्यकताओं के साथ भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष करणवीर सिंह लौट

**अंबाला शहर :** आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को पूरे प्रदेश में विनेश फोगाट के समर्थन में सडकों पर उतरकर उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई। इसी कड़ी में अंबाला में भी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विनेश फोगाट के समर्थन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उनके के साथ गुरपाल सिंह, गुरचरण सिंह, राजेश सहोता, बलबीर सिंह, तजेंद्र सिंह और सुखविंदर हैप्पी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष करणवीर लौट ने कहा कि विनेश फोगाट मामले को बीजेपी सरकार ने पूरी तरह से गैर जिम्मेदाराना तरीके से संभाला। इससे पता चलता कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार हरियाणा के लोगों से नफरत करती है। जब हरियाणा की बेटी विनेश देश के लिए गोल्ड मेडल के लिए बढ़ रही थी, तो लोग सिल्वर मेडल जीतने की बधाइयां दे रहे थे। लेकिन, मोदी जी की तरफ से कोई बधाई का संदेश नहीं आया। न ही हरियाणा के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेताओं का कोई संदेश नहीं आया। उन्होंने कहा कि पूरे देश को पता था कि विनेश फाइनल में पहुंचने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। लेकिन, बीजेपी नेताओं को शायद ये पता था कि कुछ और होने वाला है। हमें ये बाद में पता चला कि 100 करोड़ लोगों के देश को 100 ग्राम की साजिश में उलझा दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी रूस और यूक्रेन की लड़ाई को रुकवाने का दम भरते हैं। लेकिन, ओलंपिक में हमारी बेटी-हमारी बहन के साथ जो घटना घटी, उसको रोकने में प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी सरकार विफल रही। बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल को भी फर्जी केस बनाकर जेल में डाल दिया है। बीजेपी हरियाणा के लोगों और हरियाणा की तरक्की से नफरत करती है। हरियाणा के लोगों को जुमलों में फंसा कर रखना चाहती है जो हरियाणा के लोगों को मंजूर नहीं है।

# कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा : सुमिता सिंह।

## हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान को लेकर न्यू राम नगर मे जनसंपर्क कर बीजेपी सरकार के कारनामों की पोल खोली :सुमिता सिंह।

**राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट**

**हरियाणा।** मांगे हिसाब' अभियान के तहत भाजपा के कुशासन, 10 साल की विफलताओं पर घेरते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा बीजेपी सरकार के खिलाफ 15 मुद्दों से जुड़े सवालों की 'चार्ज शीट' लेकर न्यू रामनगर मे जनसंपर्क कर पहुंचने पर वहां के निवासियों ने सुमिता सिंह पूर्व विधायक करनाल का स्वागत किया इस मौके पर न्यू राम नगर निवासियों की समस्याएं सुनी और सुझाव एकत्रित किए विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस पार्टी द्वारा जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है सुमिता सिंह पूर्व विधायक ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत न्यू रामनगर में भाजपा सरकार से हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का पदार्फाश किया एवं कांग्रेस की घोषणाओं से अवगत कराया इस मौके पर सुमिता सिंह पूर्व विधायक करनाल ने कहा कि भाजपा राज में हर वर्ग दुखी है और किसान ,मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, युवा सहित हर वर्ग अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरा हुआ है सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर जनता का जमकर शोषण कर रही है विकास व रोजगार के नाम पर प्रतिदिन झूठी घोषणाए कर जनता को गुमराह कर रही है सरकार के प्रति हर वर्ग में आक्रोश है जनसंपर्क अभियान के तहत रामनगर निवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को देश में सबसे ज्यादा 6000 रुपए पेंशन , कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम ,गरीब परिवारों को 100, 100 गजके मुफ्त प्लॉट ,व 3.5 लाख रुपए की लागत से दो कमरे के मकान ,किसानों को एम. एस.पी. गारंटी , हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली ,खिलाड़ियों के पदक लाओ पद पाओ नीति से जोड़ेंगे, हर ग्रहणी को ?500 में घरेलू गैस सिलेंडर, खाली पड़े दो लाख सरकारी पदों पर नौजवानों को न्युक्ति दिलाएंगे कांग्रेस सरकार बनने पर हर वर्ग खुशहाल होगा चारों तरफ अमन, चैन ,हरियाली , खुशहाली का माहौल स्थापित होगा विकास व रोजगार के राह में हरियाणा हर क्षेत्र में नंबर एक होगा प्रदेश की जनता भली प्रकार से जान चुकी है कि उनके हित पूरी तरह से कांग्रेस में ही सुरक्षित है इस अवसर पर महेश जीटयाना, राजेश जीटयाना, राकेश जीटयाना, भगवान दास , वीरेंद्र, अश्विनी, कृष्ण लाल,विजय वर्मा,नरेश कुमार, सचिन जीटयाना इत्यादि माजूद रहे।

# निरंकारी मिशन द्वारा आट्टा गांव पानीपत में वननेस वन परियोजना का होगा आयोजन

**राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट**

**करनाल।** प्रकृति संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु वननेस वन परियोजना के अंतर्गत मेगा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के दिव्य मार्गदर्शन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 11 अगस्त, 2024, रविवार को हरियाणा के आट्टा गांव में प्रातः 11:00 बजे से किया जायेगा। इस अवसर पर हरियाणा राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।संत निरंकारी मण्डल करनाल जोन के जोनल इंचार्ज आदरणीय सतीश हंस जी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि समाज कल्याण के लिए आवश्यक इस महाअभियान में मिशन के सभी अनुयायी एवं स्वयंसेवक मिलकर लगभग 20 हजार के करीब वृक्षों को रोपित करेंगे और आगामी वर्षों में इनकी देखभाल भी करेंगे जिससे इनका स्वरूप लघु वन के रूप में प्रफुल्लित हो सके। यह परियोजना हरियाणा के अतिरिक्त संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 600 से अधिक स्थानों पर भी उत्साहपूर्वक आयोजित की जायेगी। जोनल इंचार्ज आदरणीय सतीश हंस जी ने बताया कि इस महाअभियान में करनाल जोन के असंध, क्योड़क, सोलुमाजरा, छापर और कुंजपुरा में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जैसा कि पूर्व विदित ही है कि वननेस वन परियोजना का आरम्भ कोरोना काल की विषम परिस्थिति में सन् 2021 में हुआ जब ऑक्सीजन की कमी ने वृक्षों के महत्व को समझाया जिसके उपरांत सतगुरू माता जी के दिव्य मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष में लगभग डेढ़ लाख के करीब वृक्ष रोपित किये गये। इन वृक्षों की समुचित देखभाल मिशन के स्वयंसेवक एवं सेवादार महात्माओं द्वारा तल्लीनतापूर्वक की गई जिसके परिणामस्वरूप वर्ष दर वर्ष निरंतर इनकी संख्या में वृद्धि हो रही है और अब यह संख्या बढ़कर 2.50 लाख के करीब पहुंच गई है। निसंदेह प्रकृति संरक्षण हेतु निरंकारी मिशन द्वारा इस प्रकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करना एक सराहनीय कदम है।

# वर्षा ऋतु से संबंधित कार्यक्रम के अंतर्गत जूनियर विंग के बच्चों ने सजाए पकवानों के स्टॉल

**अंबाला शहर :** अंबाला शहर के पुलिस डी.ए.वी पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग में पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने वर्षा ऋतु पर आधारित पकवान प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के पकवानों से स्टॉल सजाए। बच्चे वर्षा ऋतु में खाए जाने वाले प्रसिद्ध पकवान, जैसे खीर-पूड़े, पकोड़े, बेसन चीला, ब्रेड रोल सहित विभिन्न प्रकार के पकवान लेकर आए थे। इस मौके पर स्कूल अध्यापिकाओं ने बच्चों द्वारा लेकर आए सभी विभिन्न प्रकार के पकवानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि पकवानों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री कैसी होनी चाहिए और कैसे हम उन पकवानों को पौष्टिक आहार के रूप में ले सकते हैं। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने इस बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा पाठ्यक्रम में इस प्रकार की क्रियाकलाप बच्चों का बौद्धिक विकास करती हैं और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को निखारती हैं। यह क्रियाकलाप बच्चों को आत्मविश्वास, रोमांच और प्रसन्नता से सराबोर कर देते हैं। कार्यक्रम के पश्चात सभी बच्चों ने पकवानों का खूब आनंद लिया।

# नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत :** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने सेक्टर 29 फलौरा कट के सामने जीटी रोड पर नाकाबंदी कर कार सवार नशा तस्कर जगदीप निवासी कालीरामन पाना समालखा हाल पाम सोसाइटी करनाल को 400 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया। आरोपी अफिम को झारखंड से कम कीमत पर खरीदकर तस्करी कर लाया था। पुलिस ने आरोपी को पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

# मेजर आर एनडीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में करियर परामर्श सत्र आयोजित



करियर परामर्श सत्र के दौरान स्कुल प्रांगण में मौजूद प्रिंसिपल जय देव शर्मा ने लेफ्टिनेंट सत्यम कुमार सिंह व विद्यार्थी।

**अम्बाला छावनी :** मेजर आर.एन डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में छात्रों को आर्म फोर्सेज में अपने करियर विकल्प तलाशने में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए शुक्रवार को कक्षा 10 से 12 तक के छात्रों के लिए एक करियर परामर्श सत्र आयोजित किया गया था। सत्र का संचालन लेफ्टिनेंट सत्यम कुमार सिंह ने किया भारतीय सेना में युद्ध, तकनीकी और सहायक भूमिकाओं सहित उपलब्ध विभिन्न भूमिकाओं और अवसरों का अवलोकन प्रदान किया गया। छात्रों को पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। प्रिंसीपल जय देव शर्मा ने लेफ्टिनेंट सत्यम कुमार सिंह को उनकी विशेषज्ञता, मार्गदर्शन और छात्रों को सशस्त्र बलों में अपना करियर बनाने के लिए सूचित निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद दिया।

# पैंशन बहाली संघर्ष समिति करनाल ने नर्सिंग ऐशोशीएशन को दिया समर्थन

## 1 सितंबर को चंडीगढ़ सीएम आवास घेराव का दिया निमंत्रण

**करनाल।** पैंशन बहाली संघर्ष समिति करनाल जिला कार्यकारिणी ने आज जिला प्रधान संदीप टूरण एवं जिला वरिष्ठ उपप्रधान पदम सिंह प्रजापति की अध्यक्षता में कल्पना चावला गवर्नमेंट मैडिकल कालेज के सामने नर्सिंग ऐशोशीएशन के चल रहे धरने पर जाकर उनकी मांगों को समर्थन दिया और सरकार से मांग की कि नर्सिंग कैडर की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। प्रधान संदीप टूरण ने कहा कि सरकार ना तो लाखों कर्मचारियों के बुढापे की लाठी पुरानी पैंशन बहाल कर रही है और ना ही कर्मचारियों की अन्य मांगें मानी जा रही है। प्रधान संदीप टूरण ने नर्सिंग ऐशोशीएशन की मांगों को समर्थन के साथ साथ सभी नर्सिंग आफिसर से 1 सितंबर के चंडीगढ़ सीएम आवास घेराव में भी बडचडकर भाग लेने की अपील की। नॉन टिचींग एम्पलाईज वैलफेयर ऐशोशीएशन के प्रधान डॉ भुपेंद्र धत्तरवाल ने भी अपनी ऐशोशीएशन की तरफ से नर्सिंग ऐशोशीएशन एवं पैंशन बहाली संघर्ष समिति करनाल को तन मन धन से पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। नर्सिंग ऐशोशीएशन की तरफ से महासचिव सुमन पंवार ने सभी का समर्थन देने के लिए तहेदिल से धन्यवाद किया एवं 1 सितंबर के चंडीगढ़ सीएम आवास घेराव के लिए सभी नर्सिंग आफिसरज की तरफ से बडचडकर भाग लेने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पैंशन बहाली संघर्ष समिति करनाल के जिला उपप्रधान राम बिलास शर्मा, कोषाध्यक्ष वरुण शर्मा, सुनील, संदीप रोहित, सतिंदर सिंह नान टिचींग की तरफ से सतीश, राकेश एवं नर्सिंग ऐशोशीएशन के सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

# भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने श्री दरबार साहिब में माथा टेका

## जलियांवाला बाग पहुंचकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

( डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू )

**अमृतसर, 10 अगस्त :--** भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ आज श्री दरबार साहिब पहुंचे और जलियांवाला बाग में माथा टेका. देश की खातिर अपनी जान गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इससे पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अमृतसर हवाईअड्डे पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल, एडीजीपी श्री अर्पित शुक्ला , डिप्टी कमिश्नर श्री घनशाम थोरी, डी । मैं. जी. श्री सतिंदर सिंह, पुलिस आयुक्त। रणजीत सिंह, जिला पुलिस प्रमुख चरणजीत सिंह सोहल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# लाडवा अनाज मंडी में राष्ट्रीय गरीब दल के कार्यकताओं की मीटिंग बुलाई गई

**राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट**

**लाडवा।** अनाज मंडी में राष्ट्रीय गरीब दल के कार्यकर्ताओं की मीटिंग बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर गुरुदेव राय बराडा ने की कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी महावीर सिंह पवार ने संबोधित किया और पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए कहा कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष महोदय को कहा कि लाडवा विधानसभा से हम सतीश कश्यप को चुनाव में खड़ा करेंगे पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारी ने सतीष कश्यप के नाम पर शहमती दे दी राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी महावीर सिंह पवार ने मांग को शहमती दे दी और सभी कार्यकर्ताओं का मीटिंग में पहुंचने पर स्वागत किया और धन्यवाद किया ,पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज सिंगल प्रभारी राजवीर सिंह डॉक्टर गुरुदेव राय भारत राम, राजपाल, हरिहरनाथ



## मंच ने किया मुख्यमंत्री नगरपालिका प्रधान एवं उपप्रधान पार्षदों पूर्व पार्षदों का धन्यवाद

# नगरपालिका नारायणगढ़ ने पत्रकार मंच को भवन के लिए करवाई जगह उपलब्ध



पत्रकार मंच के लिये जगह का उद्घाटन के समय मौजूद पत्रकार, नगरपालिका चेयपर्सन, उपप्रधान, सचिव व गनमाण्य व्यक्ति।



चेयरपर्सन रिंकी वालिया, उपचेयरपर्सन आईना गुप्ता, नगरपालिका सचिव मोहित, पूर्च चेयरमैन अमित वालिया व श्रवण कुमार।

नारायणगढ़, अगस्त : नगरपालिका नारायणगढ़ द्वारा पत्रकार मंच को भवन के लिए जगह उपलब्ध करवाने पर शुक्रवार को पत्रकार मंच ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर जहां नगरपालिका के चेयरपर्सन रिंकी वालिया,उपचेयरपर्सन आईना गुप्ता सहित पार्षदो ,नगरपालिका के सचिव मोहित व गणमाण्य व्यक्तियों की मौजूदगी में रिबन काट कर शुभारम्भ किया। बता दे कि पत्रकार मंच ने लगभग 4 साल पहले तत्कालीन राज्य मंत्री एवं यहां से विधायक रहे व वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक मांग पत्र पत्रकार मंच ने सौंपा था और पत्रकारों के लिए भवन की मांग की थी। जिस पर नायब सैनी ने भवन उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया था। ऐसा ही एक मांग पत्र नगरपालिका पार्षदों एवं प्रधान को भी दिया गया था। नगरपालिका पार्षदों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास कर जगह उपलब्ध करवाने की सहमति दी थी। इस मौके पर चेयरपर्सन रिंकी वालिया ने कहा कि पत्रकार मंच की यह वर्षो पुरानी मांग थी और इस बारे में एक प्रस्ताव नगरपालिका के पूर्व हाउस द्वारा पास किया गया था जिसे उन्होंने पार्षदों के सहयोग से अमली जामा पहनाया है। उन्होंने कहा कि पत्रकार मंच को जगह उपलब्ध करवा दी गई है जिस पर जल्द ही भवन भी बनाया जाएगा। जिससे पत्रकारों को अपना कार्य करने व मीटिंग आदि करने में सहुलियत होगी।

यहा उपचेयरपर्सन आईना गुप्ता ने पत्रकार मंच को भवन के लिए स्थान उपलब्ध करवाने पर पार्षदों एवं नगरपालिका प्रशासन की सराहना की। इस अवसर पर एपीआरओ मनोज वालिया,पूर्व पार्षद बैकुन्टनाथ गुप्ता,पूर्व पार्षद सुरेश धीमान,पूर्व पार्षद भीमसैन गैरा,पूर्व पार्षद प्रतिनिधी मदनलाल चानना ,पूर्व पार्षद प्रतिनिधी संजीव कौशिक,पार्षद जश्न ढीगडा,पार्षद ओमप्रकारू घासी,पार्षद प्रतिनिधी नरेन्द्र परेशर,अशीश गुप्ता,राजीव घारू, गुरदेव, विरेन्द्र वालिया, फरीद्रसिंह, सचिव सुशील बरोली, सदीक चौहान, सरिता धीमान, हरिनारयण शर्मा, बरखाराम धीमान, चंदेश चोपड़ा, मामचन्द, सुरजीत कुमार, प्रमोद वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# एचपीएससी और एचएसएससी पर ताला लगा है, नौकरी देने में सरकार फेल है : चित्रा सरवारा



हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत चित्रा सरवारा।

अम्बाला छावनी, अगस्त : हरियाणा कांग्रेस की नेत्री चित्रा सरवारा ने ह्यहरियाणा मांगे हिसाबह्ल अभियान के तहत आज अम्बाला छावनी के मतिदास नगर से अभियान की शुरूआत की। चित्रा ने अम्बाला छावनी की जनता का आभार भी व्यक्त किया। हरियाणा मांगे हिसाब अभियान को लेकर लोगो मे भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।हमारे नेता व सांसद दीपेंदर हूड्डा जिस भी शहर से यात्रा लेकर निकल रहे है वहाँ जनसैलाब उमड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब से हरियाणा मांगे हिसाब के तहत कांग्रेस पार्टी ने सवाल पूछे हैं, पूरी भाजपा में तिलमिलाहट है। भाजपा सरकार ने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। वही भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए चित्रा ने कहा की हरियाणा के मुख्यमंत्री ने खुद माना कि हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन और एचएसएससी बंद पड़ी हैं। भाजपा की सरकार युवाओं को नौकरी देने में विफल हैं। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार जुमले देकर प्रदेश की जनता को बेवकूफ बनाने का काम कर रही हैं। चित्रा ने कहा की मुख्यमंत्री ने खरीफ की फसल के लिए किसानों को दो हजार प्रति एकड़ बोनस की घोषणा की। बीजेपी हरियाणा के लोगों और हरियाणा की तरक्की से नफरत करती है। हरियाणा के लोगों को जुमलों में फंसा कर रखना चाहती है जो हरियाणा के लोगों को मंजूर नहीं है।

# 2 दिवसीय एस.एल.सी. प्रतियोगिता में 5 छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन : डॉ. रेनू गहलावत



अंबाला शहर के एस.ए. जैन सीनियर मॉडल स्कूल में 2 दिवसीय एस.एल.सी. प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

**अंबाला शहर :** अंबाला शहर के एस.ए. जैन सीनियर मॉडल स्कूल में 2 दिवसीय एस.एल.सी., स्टूडेंट लेड कॉन्फ्रेंस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के डी.जे. ब्लॉक के सभागार में करवाया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. रेनू गहलावत ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सीखने की क्षमता को बढ़ाना था। एस.एल.सी. के एक भाग के रूप में, छात्र एक दिन के लिए शिक्षक बनते हैं और एक अवधारणा समझाते हैं, या अपनी पसंद के विषय पर एक संक्षिप्त प्रदर्शन प्रस्तुत करते हैं। इस कार्यक्रम में दूसरी व चौथी कक्षा के छात्रों को भी उपयोगी समय दिया गया, जहां छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में 5 छात्रों ने अपना अद्भुत प्रदर्शन दिखाया। इस मौके पर स्कूल की प्रबंधक समिति के सभी सदस्यों और प्रधानाचार्य डॉ. रेनू गहलावत ने ऐसे शानदार प्रदर्शन के लिए छात्रों की सराहना की और समर्थन के लिए अभिभावकों की भी प्रशंसा की।

# एसडीएम, एसपी और एसडीपीओ की तत्परता से शांतिपूर्ण माहौल में महावीरी झंडा जुलूस व मेला व जुलूस हुआ संपन्न।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** बगहा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महावीरी झंडा जुलूस एवं मेला शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में महावीरी झंडा का जुलूस पुलिस व प्रशासन की देखरेख में निकाला गया।वही अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. अनुपमा सिंह क्षेत्रों मेंमहावीरी झंडा जुलूस व मेले में विधि व्यवस्था को लेकर लगातार मॉनिटरिंग करते दिखी और क्षेत्रों के बारे में पल-पल जानकारी प्राप्त करते दिखी।इसके साथ ही स्वय पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के द्वारा महावीरी झण्डा पर्व को सौहाद्रपूर्ण एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते दिखें। इस क्रम में विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था का समीक्षा किये एवं कर्तव्य पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वही नगर क्षेत्रों में एसडीपीओ कुमार देवेंद्र सहित तमाम आला अधिकारी पुलिस भान के साथ स्थितियों का जायजा और जानकारी प्राप्त करते रहें। वही महावीरी झंडा को निकलाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसको लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हुए थे।एसपी श्री सरोज ने बताया कि महावीरी झंडा मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। गौरतलब हो कि महावीरी झंडा बगहा नगर के विभिन्न मोहल्लों व ग्रामीण क्षेत्रों में घुमाने के बाद विभिन्न जगहों पर लगे मेला में इकट्ठा हुए और उक्त स्थानों पर नवयुवकों ने विभिन्न कलाकारी दिखाए और झारी खेलते दिखे। इस दौरान पुलिस बल जुलूस के साथ मुस्तैद रही। वही मेला के बीचों बीच पुलिस प्रशासन मौजूद रहें ताकि किसी भी प्रकार कोई भी अनहोनी घटित ना हो सकें।आपको बता दें कि पिछले साल महावीरी झंडा मेला को निकलाने के बाद नगर में दो समुदायों में झड़प हुआ था।लेकिन इस साल प्रशासन की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण माहौल में मेले का आयोजन हुआ और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। ब महावीरी झंडा मेला शांतिपूर्ण माहौल संपन्न होने के बाद बगहा के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, गणमान्य लोगों ने एसडीएम, एसपी, एसडीपीओ सहित थानाध्यक्षों के तत्परता की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किये। मौके पर बगहा थानाध्यक्ष अनिल कुमार, पटखौली थानाध्यक्ष अनिष कुमार, सहित तमाम पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल कर्मी उपस्थित रहे।



# स्कूली बच्चों से भरी गाड़ी खंती में पलटी

## दो दर्जन बच्चे घायल, तीन की हालत गंभीर



### डीएम व एसपी ने जाने घायलों के हाल

**उरई।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय जालौन स्कूल वाहन दुर्घटना में घायल बच्चों से मिलने मेडीकल कॉलेज उरई पहुंचे, जहां बच्चों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना एवं घायलों के बेहतर उपचार हेतु चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया।



■ उरई

कदौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़गांव की पुलिया के पास एक स्कूली बच्चों से भारी क्रूजर बस अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई जिससे बस में सवार दो दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है, सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया इनमें तीन बच्चों को उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है जानकारी में बताया गया कि ग्राम भेडी तथा ग्राम बडा गांव से स्कूली बच्चों को लेकर डाइवोडिड पब्लिक स्कूल की क्रूजर गाड़ी जब बडा गांव पुलिया के पास से गुजर रहीं थी, तभी अनियंत्रत होकर पलट गयी, वस के पलटते ही बच्चो में चीख श्चह्वकार मच गयी, स्थानीय लोगो की खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी बच्चो को सुरक्षित बाहर निकाला तथा अस्पताल पहुंचाया जहाँ से तीन बच्चो को उरई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया,बस मन माने ढंग से संचालित हो रही थी,घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया,वहीं क्षेत्राधिकारी देवेंद्र पचौरी का कहना है की घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी बच्चो को सुरक्षित बाहर निकाल कर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर छोड़ दिया गया है वहीं तीन बच्चों की नाजुक हालत के चलते उन्हें उरई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

# पश्चिम चंपारण के जिला पदाधिकारी को निदेशक सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग पटना ने पत्र लिखा।

## प्रेस क्लब (प्रेस क्लब ऑफ बेतिया) के भवन से बंदोबस्त कार्यालय को खली कराना निर्देश, डीएम ने कहा जल्द सुपूर्द होगा भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ को

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला मुख्यालय बेतिया मे स्थित प्रेस क्लब बेतिया (प्रेस क्लब ऑफ बेतिया) का नवनिर्मित भवन को भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ लगातर मांग के बाद जब बन कर तैयार हो गया तो वर्ष 2019 मे लगातार मांग कर्ता भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के महामंत्री सह प्रेस क्लब के अध्यक्ष पत्रकार डॉ अमानुल हक को ना सुपूर्द कर बदोबस्त कार्यालय को कुछ समय के लिए खोल दीया गया। तब से अब तक बंदोबस्त कार्यालय ही चल रहा है। जनकारी के अनुसार इस भवन को खाली कराने के लिए पत्रकार अमानुल हक ने अपनी लड़ाई जारी रखी और महामहिम राज्यपाल के हस्तक्षेप से विभागीय कार्रवाई शुरू हुई और इसी बीच पश्चिम चंपारण ज़िला पदाधिकारी को कई पत्र पटना से आया खली करने हेतू लेकिन सिर्फ जिला प्रशासन द्वारा सिर्फ संतावना ही मिला। उल्लेखनीय है कि इतने पहल के बाद आज बिहार सरकार सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, पटना के पत्रांकः 1507 सू०ज०स०वि०,दिनांक 24/07/24 प्रेषक - अमित कुमार, भा०प्र०से० निदेशक सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना ने पत्र लिखकर पश्चिम चंपारण जिला पदाधिकारी, बेतिया से कहा है कि प्रेस क्लब खाली कराने हेतु। इस मे आगे लिखा है कि प्रसंग आपका पत्रांक-56 दिनांक 29.01.2024 उपर्युक्त विषय के संबंध में प्रासगिक पत्र के द्वारा सूचित किया गया था कि नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन बेतिया में अभी बंदोबस्ती कार्यालय कार्य कर रहा है। जिसके खाली करने के बाद भवन प्रमंडल बेतिया के द्वारा भवन के मरम्मति के उपरांत भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ को सुपुर्द करने की दिशा में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।




### साावन महीने में मंदिर परिसर में सफाई न होने से भक्तों को परेशानी

**जालौन-उरई ।** पुराने तहसील भवन में प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। इस मंदिर में लोग पूजा अर्चना के लिए जाते हैं। सावन महीने में मंदिर परिसर में सफाई न होने से भक्तों को परेशानी हो रही है। भक्तों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मंदिर परिसर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की है। नगर के तहसील परिसर में पुराना तहसील परिसर है। पूर्व में यह ताईबाई का महल हुआ करता था। इसी महल में प्राचीन शिव मंदिर की भी स्थापित है। इसको लेकर भक्तों में काफी मान्यता है। सावन के महीने में काफी संख्या में भक्त इस शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। समय के साथ यह भवन जीर्ण शीर्ण हो गया। तहसील भी इसी परिसर में नया भवन बनवाकर स्थानांतरित कर दी गई। अब यहां सिर्फ भक्तों का ही आना जाना होता है। पूर्व में तहसीलदार बलराम गुप्ता ने इस प्राचीन शिवमंदिर का जीर्णोद्धार भी कराया था। हालांकि दो वर्ष पूर्व भवन का एक हिस्सा बारिश में गिर गया था। प्रशासन ने मलबे को एक ओर हटवाकर मंदिर तक पहुंचने का रास्ता तो बनवा दिया था। लेकिन इसकी साफ सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अभी सावन का महीना चल रहा है। भक्त मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। लेकिन साफ सफाई न होने से उन्हें परेशानी होती है। जानवर भी अंदर घुसकर गंदगी कर देते हैं। ऐसे में भक्त धर्मेंद्र सोनी, अनुराग अग्रवाल, जिमेश कुमार, शीलू सोनी, रानी साहू आदि ने एसडीएम विश्वेश्वर सिंह को शिकायती पत्र देकर भक्तों को भावनाओं को देखते हुए मंदिर परिसर की साफ सफाई कराने की मांग की है।

### एसपी ने परेड की सलामी के बाद किया निरीक्षण

**उरई।** पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा पुलिस लाइन उरई में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तदोपरान्त पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण एवं पुलिस कर्मचारीगण का अर्दली रूम कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 वर्षों से भाई के लापता होने की सूचना पुलिस को दी

**जालौन-उरई।** 25 वर्षों से भाई के लापता होने और उससे कोई संबंध न होने की सूचना पीड़ित भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दलालनपुरा निवासी रामदास पुत्र मनीराम ने पुलिस को बताया कि उनके एक भाई काजू उर्फ राजू है। बीते लगभग 25 वर्षों से वह घर से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। जब उन्होंने जानकारी की तो पता चला कि वह अपने मकान आदि का हिस्सा भी बेच चुका है। अब उनसे व उनके पुत्रों से उसका कोई सरोकार नहीं है। ऐसे में अब उनका भी अपने भाई के साथ कोई लेना देना नहीं है। यदि वह किसी के साथ कुछ करता है या उसके खिलाफ कोई कार्रवाई होती है तो उनका उससे कुछ लेना देना नहीं होगा।

### रुपयो के लेन देन को लेकर युवकों के बीच विवाद के बाद हाथापाई

**जालौन-उरई।** रुपयों के लेन देन को लेकर हुए विवाद में दो युवकों के बीच विवाद के बाद हाथापाई हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में रुपयों के लेन देन को लेकर एक पक्ष के शिवरूद्र सिंह व दूसरे पक्ष के नीरज सिंह के बीच वाद विवाद हो रहा था। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच गाली, गलौज होने लगी। रोकने के बाद भी न मानने पर दोनों पक्ष मारपीट करने लगे। वहां मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद

**जालौन-उरई।** जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर विपक्षियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जमीन के बंटवारे को लेकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरीपुरा में एक पक्ष के विनीत कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही कुलदीप जमीन को लेकर विवाद करते रहते हैं। बंटवारे को लेकर विवाद में कुलदीप उसके साथ गाली, गलौज कर रहे थे। जब उसने मना किया तो उतावलेपन में आकर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। पत्नीअंजू बचाने के लिए आई तो उसके साथ भी मारपीट की। जिसमें दोनों को चोटें आई हैं। उधर, दूसरे पक्ष की शालिनी पत्नी कुलदीप ने पुलिस को बताया कि विनीत कुमार उसके घर आकर गाली, गलौज कर रहे थे। मना करने पर लाठी, डंडों से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे को जान से मारने की धमकी भी दे डाली। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# झूला महोत्सव-रामलला मंदिर में संगीत की तान पर झूम रहे भक्त





■ कोंच

प्रथम स्वाधीनता संग्राम का मूक साक्षी रानी झांसी का गुरुद्वारा कोंच का रामलला मंदिर आजकल पक्के और सुगम संगीत की तानों से सराबोर हो रहा है। यहां बुधवार देर शाम से शुरू हुए झूला महोत्सव में राग रागिनियां मंदिर प्रांगण में उतर कर रामलला सरकार को रिझाने का प्रयास कर रही हैं। संगीत की शास्त्रीय बिधा के जानकारों के अलावा भजन गायक भी यहां संगीत का ऐसा रस बिखेर रहे हैं कि श्रोता समुदाय भाव विभोर हो उठे हैं। मंदिर के गद्दीधर महंत रघुनाथदास के सानिध्य में यहां रामलला मंदिर में झूला महोत्सव में गुरुवार शाम शास्त्रीय संगीत के जानकार ग्यासीलाल याज्ञिक ने शास्त्रीय संगीत में विनती करत तेरे द्वार, रखियो प्रभु मेरी लाज की प्रस्तुति दी। देवयानी ने झूला गाते हुए अपनी प्रस्तुति दी तुम करो प्रभु से प्यार शुभ दिन आने लगे। अपूर्व याज्ञिक ने गाया, झूलन में आज सजधज कर युगल सरकार बैठे हैं। रामप्रकाश दीक्षित ने गाया, ये बदरिया बरसे श्याम घर नईयां। परी याज्ञिक, इंदु तिवारी, पुजारी गोविंद दास आदि की प्रस्तुतियां भी लाजबाब रहीं। हारमोनियम पर ग्यासीलाल याज्ञिक, तबले पर महेश संगत कर रहे थे। अंत में पुजारी गोविंद दास ने रामलला सरकार की आरती उतारी, महंत रघुनाथदास ने भक्तों को आशीर्वाद दिया।

# अच्छे कार्य के लिए जिलाधिकारी से सम्मानित हुए पत्रकार श्याम सिंह पंवार



■ कानपुर

लोकसभा चुनाव 2024, जिलाधिकारी द्वारा गठित एम सी एम सी समिति में नामित और निर्वाचन संबंधी सौंपे गए दायित्व को निष्पक्ष व बेहतर तरीके से निभाएं जाने पर भारत सरकार की संस्था प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य व नगर के पत्रकार श्याम सिंह पंवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने प्रशंसा पत्र जारी करते हुए उनके कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। बुधवार को जिला सूचना अधिकारी, नगर, आदर अदीब पावेल बन्धु द्वारा अपने कार्यालय में श्याम सिंह पंवार को आमंत्रित कर ससम्मान सौंपा गया। उनके सम्मान से नगर के पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# श्मशान घाट जाने का रास्ता ठीक न होने की शिकायत पर एसडीएम ने राजस्व टीम को भेजा

## बीते रोज ग्रामीणों ने सड़क किनारे किया था अंतिम संस्कार

■ कोंच



तहसील क्षेत्र के ग्राम घमूरी में श्मशान घाट का रास्ता ठीक न होने के कारण ग्रामीण शव को श्मशान घाट तक नहीं ले जा पाए और उनको सड़क किनारे ही उसका अंतिम संस्कार करना पड़ा। बुधवार को गुस्साए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व सचिव पर लापरवाही की बात करते हुए एसडीएम के यहां शिकायत की थी।गुरुवार को एसडीएम ने राजस्व व ब्लॉक की टीम मौके पर भेजी जिसने निरीक्षण कर प्रधान व सचिव को जल्द रास्ता सही कराने के निर्देश दिए। गुरुवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने नायब तहसीलदार सुधीर कुमार सिंह, एडीओ आईएसबी देवेंद्र निरजंन, लेखपाल अंकित कुमार, कानूनगो नरेंद्र सिंह को मौके पर भेजा। बताया गया कि रोड से साढे तीन सौ मीटर श्मशान घाट के रास्ते में तालाब की मिट्टी डलवाई गई थी। जिसमें दो सौ मीटर रास्ते का समतलीकरण हो चुका है। अभी डेढ़ सौ मीटर रास्ता ऊंचा-नीचा और कीचड़ युक्त पड़ा है जिसके लिए ग्राम प्रधान व सचिव को आदेशित किया गया है कि मौसम खुलते ही जल्द रास्ते को दुरुस्त कराएं जिससे ग्रामीणों को श्मशान घाट के रास्ते पर जाने में कोई परेशानी न हो सके। नायब तहसीलदार सुधीर सिंह का कहना है कि मौके का निरीक्षण कर ग्राम प्रधान से कहा गया है कि मौसम साफ होते ही रास्ते को सही कराया जाए।

### स्कूली बसों से लगातार हो रहे हादसों को देखते हुये चलाया चेकिंग अभियान

**जालौन-उरई।** स्कूली बसों से लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए कोतवाली प्रभारी ने शुक्रवार को स्कूली बसों की चेकिंग का अभियान चलाया। जिसमें चालक व स्टॉफ को जरूरी हिदायत दी गई। लापरवाही से स्कूली बसों को चलाने लगातार हादसे हो रहे हैं। शुक्रवार की सुबह कदौरा क्षेत्र में एक स्कूल बस खाई में पलट गई। इसे देखते हुए नगर में भी स्कूली वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। कोतवाल वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में देवनगर चौराहे पर चलाए गए अभियान में स्कूली वाहन की दशा, फिटनेस, सुरक्षा उपकरण, फायर उपकरण आदि की जांच की गई। साथ ही वाहन चालक को हिदायत दी गई कि किसी भी दशा में ओवर स्पीड में वाहन न चलाएं। वाहनों को ओवरटेक करते समय विशेष ध्यान रखें।

# बेतिया में दो दिनों के अंदर दो पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई इतना ही नहीं लगातार हत्याओं का सिलसिला - एमपी जयसवाल

**पश्चिम चंपारण।** बेतिया में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पश्चिम चंपारण के सांसद एवं प्रदेश के पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने कहा है कि पश्चिमी चंपारण में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि दो दिनों के अंदर दो पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई इतना ही नहीं लगातार हत्याओं का सिलसिला जारी है और पुलिस अपराधियों के समक्ष बौना साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि बैरिया थाना क्षेत्र से होकर प्रतिदिन करीब 2000 कार्टून विदेशी शराब ले जा रहे हैं इस मामले में पुलिस की मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता एमपी जयसवाल ने कहा कि पश्चिम चंपारण में पुलिस अपराधी गठजोड़ कायम है और पूरी तरह से जिले में पुलिस प्रशासन विफल साबित हो रही है। पुलिस अपराधी घर जोड़ में जिले के कुछ सफेद पोस्ट लोग भी शामिल हैं जिसकी जिसकी जांच होनी चाहिए। इस मौके पर नूतन के विधायक नारायण प्रसाद, चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रूपक लाल श्रीवास्तव, आनंद सिंह, रवि सिंह आदि भाजपा नेता उपस्थित थे।

### कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद जबरन पिलर खड़े किए

**कोंच।** एसडीएम कोर्ट में मामला लंबित होने के बाद भी जबरन पिलर खड़े करने को लेकर एसडीएम से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आराजी लेन निवासी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र रामेश्वर दयाल ने एसडीएम ज्योति सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि एसडीएम कोर्ट में मामला लंबित होने के बाद भी प्रतिवादी भाई जबरन पिलर खडे कर रहे हैं जबकि लंबित मामले में 26 अगस्त को तारीख लगी हुई है। मना करने पर प्रतिवादी भाई मान नहीं रहे हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने मामले को लेकर एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### पुलिया बंद कर आवागमन किया बाधित

**कोंच।** तहसील क्षेत्र के ग्राम ऊंचागाँव में पुलिया को बंद कर लोहे के तार लगाने से आवागमन में होने वाली परेशानी को लेकर गाँव के दर्जनों लोगों ने एसडीएम से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।नदीगाँव विकास खंड के ग्राम ऊंचागाँव के प्रधान सहित दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम ज्योति सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गाँव में स्थित सरकारी नाली के पानी की निकासी हेतु बनी पुलिया गाँव के ही एक व्यक्ति न जबरन बंद कर दी है और इसी रास्ते में आरी वाले लोहे के तार लगा दिए हैं जिससे आवागमन में काफी समय से परेशानी उठानी पड़ रही है। नाली बंद कर देने से रास्ते में जलभराव और कीचड़ हो गया है।


नई दिल्ली में शुक्रवार को संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में बोलते हुए सपा सांसद इकरा हसन।

# कई वर्षों के बाद सुचारू ढंग से चला संसद का बजट सत्र: रिजिजू

● नई दिल्ली,

**संसदीय** कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि कई वर्षों के बाद संसद का बजट सत्र सुचारू ढंग से चला है और अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा सहयोग के लिए वह सभी सांसदों की सराहना करते हैं।



रिजिजू ने बजट सत्र संपन्न होने तथा दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुत वर्षों के बाद दोनों सदनों में बजट सत्र अच्छे तरीके से चला है और एक दिन भी कामकाज ठप नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों से मैं संसद में हूं लेकिन संसदीय कार्य मंत्री के रूप में इस बार दोनों सदनों से जो सहयोग मिला है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि देश में जीवंत लोकतंत्र है इसलिए संसद में थोड़ा शोरगुल चलता है लेकिन यह अच्छी बात है कि शोरगुल के बावजूद विधायी कामकाज में बाधा नहीं आयी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि शीतकालीन सत्र में भी संसद में इसी तरह से सुचारू कामकाज होगा। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही नियमों और प्रक्रिया के तहत होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी सदस्य को नियमों का पालन करते हुए आसन को चुनौती नहीं देनी चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति अपनी रिपोर्ट शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक अपनी रिपोर्ट दे देगी।


शुक्रवार को झारखंड के रांची में बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क में विश्व आदिवासी दिवस समारोह के दौरान झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जेएमएम विधायक कल्पना सोरेन और जेएमएम प्रमुख शिबू सोरेन के साथ।

## सार संक्षेप


### श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री-2 का नया गाना 'खूबसूरत' रिलीज



**मुंबई:** श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टार फिल्म स्त्री 2 का नया गाना 'खूबसूरत' रिलीज हो गया है। फिल्म 'स्त्री 2' वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म 'स्त्री ' का सीक्वल है। फिल्म 'स्त्री 2' में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। इस फिल्म का नया गाना 'खूबसूरत' रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में वरुण धवन और श्रद्धा कपूर की केमिस्ट्री लाजवाब है। दोनों के रोमांटिक गाने के बीच राजकुमार राव भी तड़का लगा रहे हैं। वह वरुण को श्रद्धा को पटाने से रोकते हुए नजर आ रहे हैं। गाने की लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्या ने लिखे हैं जबकि म्यूजिक सचिन-जिगर के हैं। इस गाने को विशाल मिश्रा ने सचिन-जिगर के साथ मिलकर गाया है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, 15 अगस्त को रिलीज होगी।

### विदेश सचिव दो दिन की नेपाल यात्रा पर


**नई दिल्ली:** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को नेपाल की दो दिन की यात्रा पर काठमांडू जाएंगे।



विदेश मंत्रालय के अनुसार नेपाल की विदेश सचिव सेवा लम्सल के निमंत्रण पर मिस्री 11-12 अगस्त को तक नेपाल की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। विदेश सचिव की आगामी यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के क्रम में हो रही है। यह यात्रा भारत की उस प्राथमिकता को दर्शाती है जो वह अपनी पड़ोसी प्रथम नीति के तहत नेपाल के साथ अपने संबंधों को देता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और नेपाल सदियों पुरानी सभ्यतागत, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव साझा करते हैं। नेपाल में उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और प्रमुख बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में निरंतर गति के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग हाल के वर्षों में और मजबूत हुआ है।विदेश सचिव की यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाने का अवसर होगा।

### आपदा से 900 करोड़ का नुकसान, केंद्र से नहीं मिली कोई मदद: सुक्खू

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि इस बार के मानसून की आपदाओं से अब तक 900 करोड़ का नुकसान हुआ है। इस आपदा में 33 लोग अभी भी लापता हैं। इसके लिए केन्द्र से अभी तक कोई मदद नहीं मिली है। केंद्र से मदद के आश्वासन की बात सुक्खू ने हालांकि अपने प्रेस कांफ्रेंस में की है।



उन्होंने कहा कि यदि एसजेवीएनएल के तीन प्रमुख हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, लुहरी, सुन्नी, और धौलासिद्ध के लिए तय रॉयल्टी पर सरकार और कंपनी के बीच सहमति नहीं बनती और लोगों के हितों की अनदेखी होती है, तो राज्य सरकार इन परियोजनाओं का अधिग्रहण कर सकती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लुहरी और सुन्नी हाइड्रो प्रोजेक्ट्स से प्रभावित लोग शिमला में उनसे मिले और अपनी समस्याएं उठाईं। सुक्खू ने प्रभावितों को आश्वस्त किया कि उनके हितों की रक्षा के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया जाएगा, जो हर संभव सहायता प्रदान करेगी।
इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने पूर्व की जयराम ठाकुर सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बने होटलों को भी पानी मुफ्त में दिया। अब, नई सरकार व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं से उचित शुल्क वसूलने की योजना बना रही है।

### मंडी में भूकम्प के झटके, आधे प्रदेश में फ्लैश फ्लड का अलर्ट


**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 मापी गयी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप के झटके सुबह नौ बजकर 53 मिनट पर महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र मंडी में जमीन की सतह से लगभग पांच किलोमीटर नीचे रहा। मंडी से सटे इलाकों में भी लोगों ने भूकम्प के झटकों को महसूस किया। भूकंप के कारण हालांकि जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# कहां रहेंगी शेख हसीना ...

## हसीना ने फिलहाल जाहिर की भारत में ही रहने की इच्छा

● नई दिल्ली, एजेंसी

**बांग्लादेश** से भाग कर आईं की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अब कहां रहेंगी सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि शेख हसीना ने फिलहाल भारत में ही रहने की इच्छा जाहिर की है। भारत सरकार ने शेख हसीना से अपना आगे का प्लान बताने के लिए कहा है। दरअसल, शेख हसीना यूके जाना चाहती हैं, लेकिन अभी तक कागजी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। हालांकि, भारत ने साफ कर दिया है कि शेख हसीना लंबे समय तक भारत में नहीं रह सकतीं हैं।



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सोमवार को शेख हसीना से गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर जाकर मुलाकात की थी। तब उन्होंने भारत सरकार का स्टैंड बता दिया था। सूत्रों के मुताबिक, शेख हसीना को मोदी सरकार ने अपना भविष्य खुद तय करने को कहा है। हालांकि, शेख हसीना भारत में रहने की इच्छुक हैं, लेकिन सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अनिश्चित काल तक यहां नहीं रह सकतीं। शेख हसीना इस समय भारतीय खुफिया विभाग की निगरानी में हैं। इस बीच एक सूत्र ने खुलासा किया कि शेख हसीना ने पीएम मोदी से मुलाकात की मांग की है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके असर को देखते हुए यह फिलहाल थोड़ा मुश्किल लगता है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है, शेख हसीना के साथ आए लोग भी वापस बांग्लादेश नहीं जा सकते हैं, इसलिए उनके लिए भी व्यवस्था की जा रही है।

सेना और बीएसएफ को सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। एक सूत्र ने बताया कि शेख हसीना की एक बेटी है, जो भारत में काम करती हैं। वह कुछ समय के लिए अपनी बेटी के साथ रहना चाहती हैं। लेकिन शेख हसीना की बेटी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन के लिए काम करती है, इसलिए फिलहाल इन हालातों में ऐसा नहीं हो पाएगा।

शेख हसीना ने यूनाइटेड किंगडम में शरण मांगी है। लेकिन उनकी कागजी कार्यवाई अभी तक पूरी नहीं हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि ध्यान रखें कि यूके में लेबर पार्टी की सरकार है और वे मानवाधिकारों के उल्लंघन के प्रति बहुत संवेदनशील हैं। शेख हसीना अभी भारत में ही हैं, लेकिन बांग्लादेश वायु सेना का सी-130जे विमान बांग्लादेश वापस चला गया है. सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत के हित को ध्यान में रखते हुए सब कुछ किया जा रहा है।

# सिर्फ छीनने का काम कर रही है सुक्खू सरकार: जयराम

● शिमला,

**हिमाचल** प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि सरकार प्रदेशवासी को मिला हर हक छीनना चाहती है। ज्यादातर हक जो पूर्व की सरकार द्वारा दिये गये थे सब के सब छीने जा रहे हैं। सरकार का यह शर्मनाक कृत्य है।

ठाकुर ने शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा कि सबसे हैरानी की बात यह है कि जिन सुविधाओं को सुक्खू सरकार छीनने का काम कर रही है, विधान सभा के चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी ने उन सुविधाओं से भी ज्यादा देने की गारण्टियां प्रदेश के लोगों को दी थी। यही नहीं लोक सभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी ने वैसी ही सुविधाएं देने का वादा किया था लेकिन सत्ता में आने के बाद हर काम उल्टे तरीके से हुआ। प्रदेश के जीवन को सुखद और सामान्य बनाने के लिए जो भी योजनाएं पूर्व की सरकार द्वारा चलाई गई थी। सभी की सभी योजनाओं को एक एक करके बंद किया जा रहा है। यह प्रदेश के लोगों के साथ भी धोखा है। ठाकुर ने कहा कि हमने पहले ही बता दिया था कि यह होने वाला है, बिजली की सब्सिडी खत्म करने के पहले भी प्रदेश के लोगों को बता दिया था। अब सरकार महिलाओं को



बस किराए में मिलने वाली छूट पर नजर गड़ाए हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने कहा था कि एक लाख युवाओं को हर साल रोजगार देगी, एक लाख सरकारी नौकरियां देंगी। लेकिन दस हज़ार से ज़्यादा आउटसोर्स कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया और छः महीनें का वेतन भी नहीं दिया। सरकार ने कहा था कि सभी परिवारों को 300 यूनिट फ्री बिजली देंगे, पूर्व सरकार के समय से दी जा रही 125 यूनिट फ्री बिजली देनी बंद कर दी।

पूर्व सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले पानी को भी फ्री कर दिया था। सरकार ने वह फैसला भी पलट दिया। यह फैसला लोगों को सिर्फ़ आर्थिक रूप से ही राहत नहीं देता था बल्कि लोगों को बिल भरने के झंझट से भी बचाता था।

### भारतीय वायुयान विधेयक लोस से पारित

**नई दिल्ली:** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि नागर विमानन क्षेत्र को ऊँचाइयों पर ले जाने के साथ-साथ आम लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। नायडू ने भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर गुरुवार को हुई चर्चा का जवाब देते हुए आज कहा कि इस विधेयक के माध्यम से भारत के भविष्य के लिए विमान को डिजाइन किया जा रहा है, विमान बनाए जा रहे हैं और विश्व में इसके निर्यात पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम 14 सीट वाला हेलिकाप्टर बना रहे हैं और अब बड़े विमानों का डिजाइन और निर्माण किया जाएगा जिसे पूरे विश्व में स्वीकार किया जाएगा, इस मकसद से यह विधेयक लाया गया है।

### भ्रूण लिंग परीक्षण मामले में तीन गिरफ्तार

**अलवर:** हरियाणा की पीसीपीएनडीटी की एक टीम ने कोटपुतली जिले के बहरोड के एक निजी अस्पताल में कार्रवाई करते हुए एक डिकोए ऑपरेशन कर भ्रूण लिंग परीक्षण के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बेहरोड के जिला अस्पताल रोड़ पर स्थित निजी अस्पताल में गुरुवार देर शाम हरियाणा के नारनौल की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भ्रूण लिंग परीक्षण करते हुए एक चिकित्सक सहित निजी अस्पताल में महिला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ को संदिग्ध मानते हुए साथ में एक दलाल को पकड़ा है। नारनौल के डिप्टी सीएमएचओ डॉ विजय यादव ने बताया कि नारनोल हरियाणा की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ दलाल कार में सोनोग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ में पल रहे लिंग का परीक्षण करते है।

### हर व्यक्ति को मिले कानून का लाभ: मिश्रा

**नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि कानून का लाभ समाज के हर वर्ग और हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। जीजीएसआईपीयू में आयोजित एक संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधन करते हुए न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि कानून का अध्ययन विद्यार्थियों को नैतिकता के साथ-साथ उन्हें सही और गलत के ज्ञान से अवगत कराता है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने 'कानून की पवित्रता और इसमें अवसर' विषय पर आयोजित एक दिवसीय इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कानून की पढ़ाई विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा पथ प्रदान करता है, जिससे वे समाजिक मूल्यों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने वाले कानूनों के विकास में योगदान और विभिन्न उभरते हुए मुद्दों का सामना कर सकते हैं।



शुक्रवार को नई दिल्ली में संसद के चल रहे मानसून सत्र के दौरान अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में संसद भवन के सामने प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते राजद सांसद।


# अवैध एजेंटों के खिलाफ हो रही है कार्रवाई

### जयशंकर बोले-सरकार ने ऐप बनाया है जिसमें अधिकृत एजेंटों के बारे में जानकारी दी गई है

● नई दिल्ली,

**सरकार** ने कहा है कि अवैध एजेंट लोगों को विदेश भेज रहे हैं और सरकार को इसकी जानकारी है इसलिए इस बारे में कार्रवाई की जा रही है तथा दोषियों को कड़ा दण्ड दिया जाएगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में एक पूरक सवाल के जवाब में कहा कि विदेश भेजने के लिए जो एजेंट अवैध तरीके से काम कर रहे हैं और उनकी सूची सरकार के पास है उसको लेकर



कार्रवाई हो रही है। सीबीआई मामले की जांच कर रही है। अवैध रूप से युवाओं को विदेश के मामले में सरकार गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐप भी बनाया है जिसमें अधिकृत एजेंटों के बारे में जानकारी दी गई है हालांकि अवैध तरीके से विदेश भेजने की शिकायतें आ रही है और उनको लेकर कदम उठाए जा रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि रूस में अवैध रूप से गये एक युवक के मारे जाने की सूचना है। कुछ और भी सूचनाएं हैं और इन मामलों में कार्रवाई की जा रही है। उनका कहना था कि रूस अवैध रूप से भेजे गए युवकों को वापस लाने की बातचीत चल रही है।

उन्होंने कहा कि मानव तस्करी के कई मामले मिले हैं और सबसे ज्यादा आंध्र प्रदेश के हैं। अन्य राज्यों से भी ऐसी शिकायतें मिली है और यह राष्ट्रीय हित का मामला है इसलिए इस दिशा में सरकार संजीदगी से कम कर रही है।

# जया बच्चन और धनखड़ के बीच हुई तीखी बहस

## जया बोलीं-आपका बोलने को टोन ठीक नहीं, धनखड़ ने कहा-आपको डेकोरम बना कर रखना होगा

● नई दिल्ली,

**राज्यसभा** में समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनकड़ की टोन ( बोलने के तरीके) पर शुक्रवार को सवाल उठाए जिससे सभापति नाराज हो गए और मर्यादित आचरण की नसीहत दी जबकि इसी बीच विपक्षी सदस्यों ने 'दादागीरी नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए बर्हिगमन किया जिसके बाद सदन में विपक्ष के आचरण को अमर्यादित बताते हुए निंदा प्रस्ताव पेश किया गया।





इसके बाद सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के लिए स्थगित कर दी गयी। भोजनावकाश के बाद भी पहले ढाई बजे तक, फिर अपराह्न तीन बजे तक और फिर उसके बाद अपराह्न साढ़े तीन बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सदन में प्रश्नकाल शुरू होने पर कांग्रेस के जयराम रमेश ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सदस्य घनश्याम तिवाड़ी द्वारा बजट पर चर्चा के दौरान की गयी टिप्पणी पर की गयी कार्रवाई के बारे में सभापति से जानना चाहा। रमेश ने कहा कि कुछ आपत्तिजनक बातें कही गई थीं। इस पर आपने कहा था कि व्यवस्था देंगे। उन्होंने सवाल किया कि वह व्यवस्था क्या है। इसके जवाब में सभापति ने कहा कि खड़गे और तिवारी, दोनों ही मेरे कक्ष में आए थे। एक-एक चीज पर नजर डाली गई। उन्होंने कहा कि तिवारी ने कहा था कि अगर कुछ भी आपत्तिजनक हो तो मैं सदन में माफी मांगने के लिए तैयार हूं। खड़गे भी इस पर सहमत थे कि कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है, उस समय समझ नहीं आया। उन्होंने कहा कि खड़गे की प्रशंसा में तिवारी ने श्रेष्ठतम बातें कही थीं। कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था। इस पर खड़गे ने कहा कि यह बातें सदन भी जानना चाहिए। सभापति ने कहा कि तिवाड़ी ने संसदीय भाषा में अपनी बातें कहीं। इस पर रमेश ने माफी मांगने की मांग की। इस पर सभापति ने कहा कि प्रशंसा के लिए कोई माफी नहीं मांगता है। इस पर कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि जो शब्द कहे थे, वह दोहराना नहीं चाहता। जो टोन थी, वह विपक्ष के नेता के लिए ठीक नहीं थी। रमेश ने कहा कि परिवारवाद का आरोप था, परिवारवाद की बात थी। सभापति ने कहा कि कोई मुद्दा है तो आप लिखित में दीजिए। सभापति ने रमेश को नाम इंगित लेने की भी चेतावनी दी। इस पर कांग्रेस के अजय माकन ने कहा कि क्यों नाम इंगित कर देंगे। एक बात जो विपक्ष के नेता के साथ हुआ वह बताने के लिए नाम इंगित कर देंगे। आप कहते हैं- हंस क्यों रहे हैं, मुस्करा क्यों रहे हैं, बैठे क्यों हैं। इसके बाद सभापति ने पहले द्रमुक के तिरुची शिवा को बोलने की इजाजत दी। शिवा ने अनुरोध किया कि विपक्ष के नेता जब भी अपनी बात रखनी चाहें उन्हें इसकी अनुमति दी जानी चाहिये।

## विनेश को लेकर राजनीति

पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित हुई विनेश फोगाट के मुद्दे पर जहां देखो वहां राजनीति की जा रही है। कायदे से चर्चा यह होना चाहिए कि पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन कैसा रहा इसमें और सुधार कैसे हो सकता है। लेकिन इन सबसे हटकर जैसे ही विनेश ने क्यूबा की पहलवान को चित कर फायनल में कदम रखा वैसे ही वाम विचारकों ने सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कोसना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं अगले दिन जब सौ ग्राम वजन अधिक होने पर विनेश को अयोग्य करार दिया गया तब भी मोदी को ही कोसा गया। यानी कि खेल में भी कुंठित राजनीति की जाने लगी। तब किसी को यह बात याद नहीं आई कि विनेश फोगाट को केंद्र सरकार की बदौलत ही दो वजन वर्गों में कुश्ती की अनुमति मिली। इसके लिए छिंदवाड़ा की होनहार पहलवान शिवानी पंवार का हक छीना गया। विनेश फोगाट स्वर्ण जीतकर लाएं ऐसी सभी भारतीयों की मंशा थी। लेकिन ऐन समय पर उनकी किस्मत दगा दे गई। जिससे समूचा देश दुखी है। हरियाणा में भी कम राजनीति नहीं हो रही। कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने तो एक कदम आगे बढ़कर विनेश फोगाट को राज्यसभा भेजने की तैयारी कर डाली। हुड्डा ने कहा था कि उनके पास सिर्फ 28 विधायक हैं, वरना पर्याप्त संख्या बल होता तो विनेश को राज्यसभा में ले आते। अब हुड्डा अपने बयान पर घिरते दिख रहे हैं। पहले विनेश फोगाट के ताऊ महावीर फोगाट ने उनके बयान को राजनीतिक स्टंट करार दिया था। अब इनेलो के नेता अभय सिंह चौटाला और विनेश फोगाट की बहन बबीता फोगाट ने भी निशाना साधा है। इसके साथ सवाल खड़ा हो रहा कि विनेश फोगाट की राज्यसभा के लिए उम्र पूरी नहीं है तो हुड्डा कैसे राज्यसभा में भेज देंगे। राज्यसभा का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम उम्र 30 और लोकसभा के लिए 25 साल निर्धारित है। हरियाणा में राज्यसभा की सीट दीपेंद्र हुड्डा के इस्तीफा देने से रिक्त हुई है। इस पोस्ट पर विनेश फोगाट की बहन बबीता फोगाट ने हुड्डा फैमिली पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आप लोग आपदा में राजनीतिक अवसर तलाश रहे हैं। बबीता फोगाट ने एक्स पर लिखा, आपदा में राजनीतिक अवसर ढूंढना कोई कांग्रेस से सीखे। एक ओर देश व विनेश ओलंपिक में अयोग्य घोषित होने के सदमे से उभर नहीं पा रहा है। दूसरी ओर दीपेंद्र जी आप और आपके पिता जी ने विनेश की हार के ऊपर राजनीति करना शुरू कर दिया। यह बहुत ही शर्मनाक और चिंताजनक है। दरअसल विनेश फोगाट कुछ महीने पहले दिल्ली में हुए पहलवानों के आंदोलन में शामिल थीं, जो कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ हुआ था। इसी के चलते राजनीति गरमाई हुई है। जबकि खेल मैदान में यह सब नहीं होना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि विनेश फोगाट के प्रदर्शन से देश का मान बढ़ा है। भारत में उसका चैंपियनों की तरह स्वागत होना चाहिए।

देशांतर

## बांग्लादेश की हिंसा से अनभिज्ञ अंतरराष्ट्रीय समुदाय!



शाहीन सबा

बांग्लादेश में इस हफ़्ते एक हाई-वोल्टेज राजनीतिक घटनाक्रम ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया। आरक्षण के मुद्दे पर बांग्लादेश में अभूतपूर्व हिंसा के परिणामस्वरूप शासन में बदलाव हुआ, जिसके कारण वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी। ब्रिटेन में शरण पाने के उनके अनुरोध को ब्रिटिश सरकार ने स्वीकार नहीं किया और वे अभी भी भारत में छिपी हुई हैं। इस हफ़्ते हिंसा और भी बढ़ गई और कई हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया। बांग्लादेश में इस हाई-वोल्टेज राजनीतिक घटनाक्रम के कई आयाम हैं। बांग्लादेश पर इसके प्रभाव से लेकर दुनिया पर आर्थिक और सुरक्षा संबंधी नतीजों तक, कई सवालों के जवाब दिए जाने बाकी हैं। क्या यह हिंसा वास्तव में शेख हसीना की आरक्षण संबंधी नीतियों के कारण हुई या यह सिर्फ एक छोटी सी बात है और यह एक सुनियोजित राजनीतिक साज़िश थी? क्या इस पूरी स्थिति में कोई विदेशी (चीन और पाकिस्तान) हाथ है? भारत इस मुद्दे से कैसे निपटेगा और बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने और विशेष रूप से सीमाओं के ज़रिए भारत में घुसने की उनकी कोशिश का कैसे समाधान ढूंढेगा? अगर कोई आतंकवादी संगठन इसमें शामिल हो जाए तो क्या होगा? सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देश अपने लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कैसे बचाएगा?

बांग्लादेश में हिंसा का अध्याय तब शुरू हुआ जब लगभग एक महीने पहले बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने सरकारी नौकरियों के लिए कोटा प्रणाली को बहाल करने का फैसला सुनाया। सत्रह करोड़ की आबादी वाले देश में लगभग तीन करोड़ युवा बेरोजगार हैं या शिक्षा प्राप्त नहीं कर रहे हैं, प्रदर्शनकारियों ने योग्यता आधारित प्रणाली की मांग शुरू कर दी है। 1972 में अपनी स्थापना के बाद से बांग्लादेश में कोटा प्रणाली में कई संशोधन हुए हैं। इसमें आबादी के विभिन्न वर्ग शामिल हैं, जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार, महिलाओं और अविकसित जिलों के व्यक्तियों को कोटे का दसवां हिस्सा मिलता है। इसके अलावा, पांच प्रतिशत स्वदेशी समुदायों के लिए और एक प्रतिशत विकलांगों के लिए निर्धारित है। शेख हसीना द्वारा लंबित मामलों का हवाला देते हुए छात्रों की मांगों को मानने से इनकार करने के बाद तनाव और बढ़ गया। सैकड़ों कोटा विरोधी प्रदर्शनकारियों और हसीना की अवामी लीग पार्टी के छात्र दल के सदस्यों के बीच झड़पें हुईं। पिछले कुछ अराजक हफ्तों के दौरान, 500 से अधिक व्यक्तियों ने दुखद रूप से अपनी जान गंवा दी। जब बांग्लादेशी सेना ने प्रधानमंत्री को आगे समर्थन देने से इनकार कर दिया, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। ऐसा लगता है कि हसीना ने भविष्य की भविष्यवाणी कर ली थी और इसलिए शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से शरण मांगी, हालांकि अधिकारियों ने इससे इनकार कर दिया और उन्हें पहली विदेशी धरती, जिस पर वे पहुंची (भारत) पर रहने के लिए कहा। दूसरी ओर, हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद, प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के नेता के रूप में शपथ ली। साथ ही, एक उल्लेखनीय घटनाक्रम में, बीएनपी की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को नजरबंदी से रिहा कर दिया गया है। इस बीच, हसीना के इरादे इस बारे में अनिश्चित हैं कि वह अभी भी दिल्ली में रहेंगी या किसी अन्य स्थान पर चली जाएंगी। हालांकि शेख हसीना अपने बेटे के अनुसार, नई सरकार द्वारा चुनाव के लिए समय तय किए जाने के बाद अपने वतन लौट सकती हैं; हालांकि, यह अनिश्चित है कि वह चुनाव लड़ने का इरादा रखती हैं या नहीं। हालांकि पूरी हिंसा का कारण हसीना की आरक्षण नीति थी, लेकिन यह देखना दुखद है कि विरोध के नाम पर भीड़ किस तरह बांग्लादेश में उत्पात मचा रही है। बांग्लादेश से आ रहे दिल दहला देने वाले वीडियो के बीच, जिसमें भीड़ द्वारा हिंदुओं को क्रूरता से निशाना बनाया जा रहा है, भारत बांग्लादेश में उभरती स्थिति के जवाब में सतर्कता बरत रहा है। हिंदू बांग्लादेशी भारत और बांग्लादेश के बीच छिद्रपूर्ण सीमाओं के माध्यम से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे भारत के लिए अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखना और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखना एक गंभीर चुनौती बन गया है। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया, बांग्लादेशी सीमा पर एकत्र हुए थे, लेकिन किसी को भी भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि सीमा पूरी तरह से सुरक्षित थी। बाद में उन्हें बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) द्वारा वापस भेज दिया गया। लेकिन इन हिंदू बांग्लादेशियों की सुरक्षा कौन सुनिश्चित करेगा, यह एक प्रासंगिक प्रश्न बना हुआ है। भारत पहले से ही श्रीलंका, पाकिस्तान और नेपाल जैसे राजनीतिक रूप से कमजोर देशों से घिरा हुआ है। अफगानिस्तान पहले से ही एक आतंकवादी संगठन के कब्जे में है। पूरा यूरोप किसी न किसी तरह के संकट की स्थिति में है। रूस-यूक्रेन युद्ध जल्द खत्म होता नहीं दिख रहा है। इजरायल-हमास संघर्ष हर हफ्ते तेज होता जा रहा है। इन सबके बीच अगर बांग्लादेश में लोकतंत्र खत्म होता है तो यह न केवल वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए हानिकारक साबित होगा, बल्कि शक्तिशाली अंतरराष्ट्रीय संगठनों पर भी बड़ा सवाल खड़ा करेगा। किसी देश की संप्रभुता और रणनीतिक स्वायत्तता का सम्मान करना भारत का विश्वास है, लेकिन बांग्लादेश जल रहा है और इस पर तुरंत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान देने की जरूरत है। मैं यह भी उम्मीद करती हूं कि वे लोग जो फिलिस्तीन के लोगों के मानवाधिकारों की बात कर रहे हैं, बांग्लादेश में फंसे हिन्दू अल्पसंख्यकों के लिए भी वही सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाएंगे और अंतर्राष्ट्रीय मुहिम चलाएंगें? क्योंकि फिलहाल तो बांग्लादेश की हिंसा से अंतरराष्ट्रीय समुदाय अनभिज्ञ ही है।

बांग्लादेश के हालात

## हसीना, तसलीमा और उनका सोने जैसा बंगाल



विजय मनोहर तिवारी

शेख हसीना दिल्ली के पास जिस सेफ हाऊस में हैं, वह तसलीमा नसरीन से सौ किलोमीटर भी दूर नहीं होगा। एक इस्लामी मुल्क की दो महिलाएं अपने मुल्क से भागी हुई हैं। दोनों मामूली हैसियत की नहीं हैं। क्या तसलीमा ने फोन पर हसीना की खैरियत पूछी होगी? अगर पूछी होगी तो अलहमदुलिल्लाह हसीना ने जवाब में क्या फरमाया होगा? बांग्लादेश से आ रही खबरें और तस्वीरें ह्रदयविदारक हैं। आरक्षण के नाम पर लगी आग ने अचानक सब कुछ तबाह कर दिया है। किंतु वह विरोध केवल शेख हसीना को सत्ता से हटाने तक सीमित नहीं था। अब बचे-खुचे हिंदुओं का खात्मा किया जा रहा है और यह हरेक भारतीय के लिए चिंता का विषय है। केवल इसलिए नहीं कि वे बदकिस्मत हिंदू अब तक मारे जा रहे हैं, जो बंटवारे के बाद पाकिस्तान में छूट गए। इसलिए भी कि बांग्ला गौरव के नाम पर पाकिस्तान से टूटकर बने बांग्लादेश में भी उनकी हालत वही की वही रही। वे एक पाकिस्तान में भी काफिर थे, दूसरे पाकिस्तान में भी काफिर ही रहे। इसलिए भी कि वे कश्मीर में भी काफिर थे। कहीं भी बचे रहना केवल समय और जनसंख्या पर निर्भर है या उन कठोर सरकारी नीतियों पर जिनसे रक्षा कवच मजबूत होने हैं।

बहुत कम लोग जानते होंगे कि शेख हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान ने मोहम्मद अली जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन में कोलकाता में मुसलमानों की तरफ से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। उनके हाथ भी हजारों निर्दोष बंगाली हिंदुओं के खून से रंगे थे। डायरेक्ट एक्शन में हिंदुओं के खिलाफ शेख की सक्रियता से ही उनके सियासी करियर को पंख लगे थे। तब वे इस्लाम के आधार पर भारत से अलग एक पाकिस्तान के लिए लड़ रहे थे और अल्लाह ने उन्हें दो पाकिस्तान दे दिए। एक पूर्व में, दूसरा पश्चिम में। इस कटु सत्य से अब संसार भलीभांति परिचित है कि जहां इस्लाम की छाया है वहां आज नहीं तो कल टकराव अनिवार्य है। देखते ही देखते दोनों पाकिस्तानों में बचे-खुचे गैर मुस्लिमों का बचना, जीना, मरना मुहाल हो गया। वे दोनों तरफ तेजी से कटते-घटते गए। जहां काटने को काफिर नहीं हैं, वहाँ अहमदिया और शिया निशाने पर हैं। निशाने पर कोई चाहिए ही। महुआ माजी की किताब मैं बोरिशाइल्ला बांग्लादेश के हिंदुओं के सुनियोजित खात्मे का एक दस्तावेज है। रांची की रहने वाली महुआ का ननिहाल बोरिसाल में था और वह सब उनकी दादी-नानी की आपबीतियां थीं। 1970 तक मुजीबुर्रहमान अलग देश के हामी नहीं थे। वे ढाका को अधिक स्वायत्तता चाहते थे और बांग्ला भाषा को उर्दू के बराबर की अहमियत। लेकिन इस्लामाबाद में पंजाबी मुसलमान हावी रहे, जिनकी नजर में बंगालियों की हैसियत भूखे बंगालियों की थी। भले ही वे मुसलमान थे किंतु थे तो दोयम दरजे के। यह सबको बराबर का दर्जा देने वाले इस्लाम के परचम तले वर्गभेद और रंगभेद की विचित्र खिचड़ी थी। जब इस्लामाबाद ने उनकी नहीं सुनी तो एक आजाद मुल्क का ऐलान करके वे स्वतंत्र बांग्लादेश के राष्ट्रपिता की हैसियत जिन्ना के बराबर पा गए। मगर संसार इस कटु सत्य से भी भलीभांति परिचित हो चुका है कि जहां इस्लाम है, वहां लोकतंत्र भेड़ियों के बीच फंसे हिरण के शावक जैसा है। एक दिन बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान अपने तीन बेटों, बहुओं और नाती-पोतों सहित सुरक्षित सरकारी निवास में कत्ल कर दिए गए। दो बेटियां इसलिए बच गईं क्योंकि वे विदेश में थीं। राबर्ट पेन ने अपने उपन्यास कत्लगाह में बहुत रोचक ढंग से बांग्लादेश के पैदा होने की जबर्दस्त कहानी लिखी है। शेख हसीना इनमें से एक थीं, जिन्होंने इतने साल शेख की सियासी विरासत संभाली। दो दिन पहले जब वे ढाका से अपना बोरिया-बिस्तर बांधकर निकली हैं तो संसार ने देखा कि बांग्ला गौरव के नाम पर पाकिस्तान से अलग एक नया देश मुसलमानों को देने वाले बंगबंधु की विशाल मूर्ति के सिर पर खड़े होकर उनके कृतज्ञ नागरिक पेशाब कर रहे हैं, हथौड़े मार रहे हैं, जमींदोज कर रहे हैं। आरक्षण का विरोध एक बहाना था या कहें कि एक कंधा था, जिस पर रखकर बंदूक कोई और ही चला रहा था। बंदूक अमेरिका की थी या चीन की, इस पर बहस जारी है। कितने मजे की बात है कि 55 इस्लामी देशों से उन्हें शरण देने का कोई प्रस्ताव है, न ही वे वहाँ जाना चाहती हैं। भारत के सेफ हाऊस से अमेरिका, ब्रिटेन और फिनलैंड की ओर देख रही हैं। संसार यह कटु सत्य भी भलीभांति जान चुका है कि जहां इस्लाम है, वहां के कायदों और फायदों के गणित ऐसे हैं कि केवल इस्लाम फायदे में रहता है, मुसलमान नहीं। वे केवल एक टूलकिट हैं, मुनाफा कमाने वाला मैकेनिक कोई और है। शेख हसीना इस समय दिल्ली के पास जिस सेफ हाऊस में हैं, वह तसलीमा नसरीन से सौ किलोमीटर भी दूर नहीं होगा। एक इस्लामी मुल्क की दो महिलाएं अपने मुल्क से भागी हुई हैं। दोनों मामूली हैसियत की नहीं हैं। एक शासक की बेटी स्वयं शासन में रहते हुए भागी है और उनसे कई साल पहले भागकर आई दूसरी महिला दुनिया की प्रसिद्ध लेखिका है, जिसने बांग्लादेश का सच अपनी किताबों में लिखा। क्या तसलीमा ने फोन पर हसीना की खैरियत पूछी होगी? अगर पूछी होगी तो अलहमदुलिल्लाह हसीना ने जवाब में क्या फरमाया होगा? और हसीना के रहते कैद में रही एक तीसरी खवातीन खालिदा जिया ने जेल से बाहर आकर अल्लाह का शुक्राना किन अल्फाजों में बयान किया होगा? एक कटु सत्य यह भी है कि देश दुनिया के दानिशमंद इस समय अल्लाह, उनके पैगंबरों और उनके कारनामों पर सबसे ज्यादा तवज्जो फरमा रहे हैं यानी इस्लाम के प्रति गहरी दिलचस्पी गैर मुस्लिमों में देखी जा रही है। खुद इस्लाम के अनुयायी अब अरबी में नहीं बल्कि अपनी भाषा में अल्लाह के कलाम हर कहीं पढ़ रहे हैं और जमकर बहसें हो रही हैं। गालिब के शब्दों में कहें तो वे पूछ रहे हैं-या इलाही ये माजरा क्या है? भारत अपने अस्थिर और अशांत पड़ोसियों से घिर चुका है। इनमें तीन पड़ोसियों में एक बात कॉमन है-इस्लाम। अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश, जो कभी अखंड भारत का ही हिस्सा रहे हैं और अब जहाँ इस्लाम का फंडा भी है, डंडा भी और झंडा भी। कह सकते हैं कि अलग-अलग कैरेट का इस्लाम तीनों नगीनों में चमक रहा है। बचे-खुचे भारत में भी वह चमक कश्मीर से लेकर केरल तक आंखों को चौंधिया रही है और भारत के मानचित्र पर बचा-खुचा बंगाल तो अलहमदुलिल्लाह बांग्लादेश के बगल में ही है। संसार के सामने एक कटु सत्य कश्मीरी काफिर सुशील पंडित अरसे से उजागर कर रहे हैं कि भारत में एक नहीं पांच सौ कश्मीर बन चुके हैं! यह जाहिर ही है कि विदेशी ताकतों को अपनी बंदूकें रखने के लिए यहां भी कई आजमाए हुए सेकुलर कंधे सस्ते में उपलब्ध हैं। राजनीतिक दलों के भी, एनजीओ के भी मीडिया के मारे-खदेड़े लोगों के भी। इन सबके संयुक्त सौजन्य से दिल्ली की नाक में दम करने वाले शाहीनबागों और किसानों के जमावड़े तो सबने देखे। परदे पर कुछ चल रहा है, परदे के पीछे कुछ और! आंतरिक और बाहरी खतरों से घिरे घुन लगे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल इसलिए इतिहास में दर्ज नहीं होंगे कि जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार उनकी शपथ हुई। तीन या चार केवल एक निर्जीव आंकड़ा है। दस साल के किसी भी एक कालखंड में एक साथ इतने संकट किसी प्रधानमंत्री के सामने नहीं आए होंगे, जितने मोदी के सम्मुख हर तरफ से टपके। यह कटु सत्य सबके सामने है कि बांग्लादेश के हिंदुओं को बचाने वाला उनके अपने देश में कोई नहीं है। मोदी की असल परीक्षा अब है या आगे है, यह भी कौन जानता है। किंतु यह जान लेना चाहिए कि किसी के पास भी समय अंतहीन नहीं है। सत्ता की चमक और योग शाश्वत नहीं है। शेख हसीना का हश्र संसार के उन सब शासकों को देखना चाहिए, जो सच में अपने देश और अपने नागरिकों के हालात बदलना चाहते हैं। उनका हर सेकंड मूल्यवान है। इसलिए सस्ते उपायों से इतिहास में दर्ज होने की बजाए उन्हें कठोरता से देश हित में हर असंभव को संभव बनाने की दिशा में बढ़ना चाहिए। इतिहास उन्हें स्वयं अपनी स्मृतियों में अंकित करेगा। अपनी आयु के अमृतकाल की ओर बढ़ते भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों भविष्य के भारत की भी बागडोर है। अगर हम लोकलुभावन बातों से बचकर सत्य का सामना करने के लिए तैयार हैं तो यह स्वीकार करना ही होगा कि भारत का भविष्य सुरक्षित नहीं है। इसका अर्थ यह भी है कि संसार की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यता का भविष्य दाव पर है और नियति के इस मोड़ पर कुरुक्षेत्र में सत्ता के रथ के सारथी नरेंद्र मोदी हैं। 140 करोड़ में जितने अर्जुन हैं, उससे अधिक दुर्योधन और दुशासन हैं। पांडवों से कौरव बीस गुना अधिक ही रहे हैं। सरहदों के पार तो शकुनियों का ही राज रहा है। क्या इस आधुनिक महाभारत के परिणाम भविष्य के भारत के हित में संभव होंगे?



**(लेखक मप्र के पूर्व सूचना आयुक्त है)**

पेरिस ओलम्पिक

## नीरज कब फेकेंगे 90 मीटर दूर भाला



विवेक शुक्ला

जिस देश की 140 करोड़ की आबादी ओलंपिक खेलों में किसी भारतीय खिलाड़ी के कांस्य पदक जीतने पर भी बाग-बाग हो जाती है, वह नीरज चोपड़ा के पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने से निराश है। वजह सबको पता है। नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित कर चुके हैं। उनसे सारे देश का सिर्फ स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद रखना गलत नहीं माना जा सकता है। पर पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के पानीपत से संबंध रखने वाले नीरज चोपड़ा अपने घर से करीब 450 किलोमीटर दूर पाकिस्तान के मुल्तान के रहने वाले अरशद नदीम से भेला फेंकने की स्पर्धा में पिछड़ गए। अरशद नदीम को स्वर्ण पदक मिला। बेशक, इस समय दोनों की गिनती विश्व के सबसे बेहतरीन एथलीटों में होती हैं। अरशद नदीम ने अपनी दूसरी ही थ्रो में 92.97 मीटर भाला फेंककर एक तरह से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया था। सबको पता है कि बहुत कम एथलीटों ने 90 मीटर से अधिक दूरी पर भाला फेंका है। हां, फाइनल में तीन खिलाड़ी शामिल थे जो पहले भी यह कारनामा कर चुके थे- ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (जिन्होंने कई बार 90 मीटर से अधिक भाला फेंका है, जिसमें 93 मीटर से अधिक का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ है। लेकिन वे यहां नीरज चोपड़ा से पीछे रहे। उन्हें कांस्य पदक मिला। उन्होंने 88.54 मीटर भाला फेंका। चेक गणराज्य के याकूब वडलेज, जो पहले 90 मीटर से अधिक भाला फेंक चुके हैं, चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने 87.40 मीटर भाला फेंका। नीरज चोपड़ा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 89.45 मीटर भाला फेंककर रजत पदक जीता। अरशद नदीम भी कई बार 90 मीटर से दूर भाला फेंक रहे थे। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद नीरज चोपड़ा से उम्मीद की जा रही थी कि वे 90 मीटर से अधिक दूर भाला फेंक लेंगे। नीरज चोपड़ा को भी कम से कम एक या दो ओलंपिक और खेलने हैं। इसलिए उन्हें लगातार



पदक जीतने के लिए 90 मीटर की बाधा को पार करना ही होगा। अरशद नदीम पेरिस ओलंपिक से पहले दो बार 90 मीटर से अधिक के थ्रो कर चुके थे। उन्होंने फाइनल में अपनी दो थ्रो 90 मीटर से आगे फेंकी। नीरज और नदीम दोनों 1997 में पैदा हुए हैं। नदीम जनवरी में और चोपड़ा दिसंबर में। पीटर्स भी अक्तूबर 1997 में। इसलिए आप इनके बीच कई वर्षों तक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को देखते रहेंगे। भारत की तरफ से टोक्यो में ट्रैक और फील्ड का पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद, एक उम्मीद बन गई थी कि नीरज चोपड़ा कभी भी 90 मीटर दूर भाला फेंक देंगे। पेरिस ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल से पहले भी कुछ जानकार कह रहे थे कि वह 90 मीटर से ज्यादा दूर भाला फेंकने में कामयाब रहेंगे। पर यह नहीं हुआ। आप कह सकते हैं कि नीरज चोपड़ा फाइनल वाले दिन पूरे रंग में नहीं थे। उन्होंने छह में से पांच बार गलत तरीके से भाला फेंका। उनकी एक थ्रो ही सही रही। उसी ने उन्हें रजत पदक दिलवा दिया। नीरज चोपड़ा चैंपियन है। उनमें 90 मीटर से अधिक दूरी तक भाला फेंकने की क्षमता है। वह यह कारनामा कभी भी कर दिखाएंगे। हां, उन्हें इंजरी फ्री रहना होगा। टोक्यो की तरह पेरिस में भी,नीरज चोपड़ा ने जब जेवलिन हाथ में लिया तब उनकी मेहनत पर यक़ीन और भरोसा उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था। इस भरोसे ने देश की उम्मीदों को भी परवान चढ़ा दिया था और उन्होंने अपने हमवतनों को मायूस भी नहीं किया। उन्होंने देश की झोली उम्मीदों से भर दी। पर वे इस बार सोना नहीं दिलवा सके। इसलिए उनके करोड़ों चाहने वाले कुछ मायूस तो हैं। खेलों की जननी है एथलेटिक्स। उसी एथलेटिक्स में भारत के हिस्से में ओलंपिक खेलों में कभी कोई महान सफलता नहीं आई थी। लेकिन, पहले टोक्यो ओलंपिक खेलों में गोल्ड और इस बार सिल्वर मेडल जीतकर नीरज चोपड़ा ने साबित कर दिया कि वे असाधारण खिलाड़ी हैं। हां,मिल्खा सिंह,गुरुबचन सिंह रंधावा, श्रीराम सिंह, पीटी उषा तथा अंजू बॉबी जार्ज जैसे धावकों ने भारत को एशियाई खेलों से लेकर राष्ट्रमंडल खेलों में पदक और सफलताएं दिलवाईं हैं। पर ये सब ओलंपिक खेलों में पदक पाने से चूक गए थे। उस कमी को नीरज चोपड़ा ने दो बार पूरा किया है। सच में नीरज चोपड़ा ने एक बड़ी लकीर खींच दी। नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक खेलों के इतिहास में ट्रेक एंड फील्ड में दूसरामेडल हासिल कर हरेक भारतीय को गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि देश के लिए अमूल्य है। ऐसे पल हमारे नसीब में बहुत कम आये हैं। ओलंपिक खेलों में लगातार दो बार मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा की उपलब्धि से कुछ बातें भविष्य में होती नजर आ रही हैं। पहली तो ये कि अब हमारे धावकों के सामने नीरज चोपड़ा का उदाहरण है कि अगर वे ओलंपिक में पदक जीत सकते हैं, तो हम क्यों नहीं। इससे देश भर के हजारों नौजवान एथलेटिक्स की दुनिया में आएँगे। नीरज चोपड़ा ने यह जो मेडल देश को दिलवाया है उसे जीतने के लिए उन्होंने कितनी मेहनत की होगी या पसीना बहाया होगा, यह अब किसी को बताने की जरूरत नहीं है। भारत इनका सदैव कृतज्ञ रहेगा।

**(लेखक स्तंभकार है)**

दिशा बोध

## जाति जनगणना सामाजिक समरसता पर तिर्यक



मृत्युंजय दीक्षित

जातिगत जनगणना की मांग करने वाले राहुल गांधी के पिता स्वर्गीय राजीव गांधी, दादी इंदिरा गांधी, दादी के पिता जवाहर लाल नेहरू सभी जातिगत जनगणना के प्रबल विरोधी थे। इन सभी का मत था कि जातिगत जनगणना से भारत खंड- खंड में विभाजित होकर कमजोर हो जायेगा। अगर जातिगत जनगणना देश के लिए इतनी ही अनिवार्य थी तो 2004 से लेकर 2013 तक जब कांग्रेस की ही सरकार परोक्ष रूप से स्वयं राहुल गांधी की माँ सोनिया गांधी चला रही थीं तब उन्होंने जातिगत जनगणना क्यों नही करवाई? वर्तमान में जो कांग्रेस शासित राज्य हैं, वहां के मुख्यमंत्री जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवा पा रहे हैं? कांग्रेस जाति के नाम पर राजनीति करती है और इसीलिए कांग्रेस के जातिगत जनगणना पर विचार भी बदलते रहते हैं। 2010 में यूपीए की सरकार के समय लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव और शरद यादव जैसे कद्दावर नेताओं ने जातिगत जनगणना का मुददा उठाया था तब के कांग्रेस के बड़े नेताओं पी चिदम्बरम, आनंद शर्मा और मुकुल वासनिक ने इसका पुरजोर विरोध किया था। आनंद शर्मा आज भी जातिगत जनगणना का विरोध कर रहे हैं।

जाति जनगणना कराएंगे पर जाति नहीं बताएंगे- राहुल गांधी व संपूर्ण विपक्ष जाति जाति की रट तो लगा रहा है किंतु कोई उनकी जाति पूछ ले तो आग बबूला हो जाता है। यह लोग जाति जनगणना तो करना चाह रहे हैं लेकिन अपनी जाति नहीं बता पा रहे है जिससे यह भी प्रतिध्वनि निकलती है कि इनके मन में कितनी खोट है और इनका एकमात्र उद्देश्य हिंदू समाज को गली -गली में जातीय दंगों की ज्वाला में झुलसाना है ताकि ये किसी एक जाति के मसीहा बनकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर सकें। संसद के बजट सत्र में जाति जनगणना का मुद्दा उस समय बहुत गर्म हो गया जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर आपस में भिड़ गये। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बजट चर्चा के दौरान बोलते हुए कहा कि ÷जिसकी जाति का पता नहीं वह जाति गणना की बात करता है÷ उसके बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव बुरी तरह से भड़क गये । राहुल गांधी को यह बात इतनी आपत्तिजनक लगी कि उन्होंने कहा कि सदन में उनका अपमान किया गया है और आगे जोड़ा कि जो लोग एससी एसटी दलित व पिछड़ो की बात करते हैं उन्हें गालियां खानी ही पड़ती हैं । सपा नेता व सांसद अखिलेश यादव तो इतने उत्तेजित हो गए कि चीखने लगे कि आप किसी से उसकी जाति कैसे पूछ सकते हैं? इस विवाद ने एक ही झटके में राहुल और अखिलेश दोनों को बेनकाब कर दिया है क्योंकि यह दोनों ही सार्वजनिक रूप से सामान्य लोगों से उनकी जाति पूछकर उनका अपमान करते रहे हैं। यह लोग न केवल आम पत्रकारों और सरकारी अधिकारियों वरन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी जाति के आधार पर अपमानित करते रहे हैं तब न तो किसी ने इन पर मुकदमा दर्ज करवाया न ही धरना प्रदर्शन या पुतला फूंक कार्यक्रम हुआ किन्तु इसके विपरीत जब से हिमाचल के सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल की जाति पूछ ली है तब से ये लोग अनर्गल आरोप लगा रहे हैं कि अनुराग ठाकुर ने सदन में इनको गाली दी। अब जाति जनगणना की मांग करने वाले राजनीतिक दलों व नेताओं को यह समझना पड़ेगा कि जिस बात को पूछने पर आप अपमानित महसूस करते हैं उस बात को बताये बिन जाति जनगणना संभव नही है। अनुराग ठाकुर के बयान पर राहुल गांधी व फिर कांग्रेस तथा अखिलेश यादव का भड़कना विचारों का द्विधाग्रस्त होने के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। जाति के नैरेटिव के कारण ही उत्तर प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में भाजपा की सीटें कम हो गई हैं यही कारण है कि राहुल गांधी एंड कंपनी को लग रहा है कि जाति एक ऐसा मुद्दा है जिसके आधार पर भाजपा को हराया जा सकता है और वो उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

## पदकतालिका

| स्थान देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 32 | 25 | 20 | 77 |
| 2. अमेरिका | 30 | 38 | 36 | 104 |
| 3. ऑस्ट्रेलिया | 18 | 15 | 14 | 47 |
| 4. फ्रांस | 14 | 19 | 22 | 55 |
| 5. ग्रेट ब्रिटेन | 14 | 18 | 21 | 53 |
| 65. भारत | 0 | 1 | 4 | 05 |

## सार संक्षेप

### बत्रा , मुखर्जी एवं पंघाल स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली** : भारतीय एथलीट मनिका बत्रा , अयहिका मुखर्जी एवं अंतिम पंघाल शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में भाग लेकर स्वदेश लौट आए। जानकारी के अनुसार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी और महिला पहलवान अंतिम पंघाल पेरिस 2024 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बाद वापस आज सुबह यहां इंदिरा गांधी हवाईअड्डे पहुंचे। हवाईअड्डे पर खिलाड़ियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।


### मांडविया ने श्रीजेश को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली** : केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश को हॉकी से संन्यास लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मांडविया ने शुक्रवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पेरिस 2024 में कांस्य पदक जीतकर अपने शानदार हॉकी करियर का समापन करने पर बधाई। उन्होंने कहा कि श्रीजेश, आप आक्रमण और गोलपोस्ट के बीच अभेद्य दीवार रहे हैं, हमारी रक्षा की रीढ़ हैं और अनगिनत प्रशंसकों और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### खडसे ने मनु से मुलाकात की

**नई दिल्ली** : केन्द्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने शुक्रवार को महिला निशानेबाज मनु भाकर और उसके परिवार वालों से मुलाकात कर अभिनंदन किया। खडसे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में देश के लिए निशानेबाजी प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर और उनके परिवार से मुलाकात कर अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि मनु भाकर ने पेरिस 2024 में जोरदार प्रदर्शन करते हुए निशानेबाजी स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते।

### महिला गोल्फर अदिति तीसरे राउंड में होल छह के बाद इवेन पार



**पेरिस** : भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में महिला गोल्फ प्रतियोगिता के तीसरे दौर में छह होल के बाद इवेन पार 24 का स्कोर दर्ज किया। अदिति ने अब तक दो बर्डी और दो बोगी दर्ज की। अदिति टोक्यो ओलंपिक 2020 में पोडियम पर मामूली अंतर से चूक गईं थी। इसी राउंड में दीक्षा डागर ने ले गोल्फ नेशनल में एक बोगी के साथ 1-ओवर 25 का स्कोर दर्ज किया।

### अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं: नीरज

**पेरिस** : भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह अपने प्रदर्शन से खुश नहीं है। नीरज ने पुरुषों के भाला फेंक फाइनल के बाद कहा कि यह एक अच्छा थ्रो था लेकिन मैं आज अपने प्रदर्शन से उतना खुश नहीं हूं। मेरी तकनीक और रनवे उतना अच्छा नहीं था। केवल एक थ्रो (मैं कामयाब रहा) बाकी मैंने फाउल कर दिए। दूसरे थ्रो के लिए मुझे खुद पर विश्वास था कि मैं भी इतनी दूर तक थ्रो कर सकता हूं। लेकिन यह इतना अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि पिछले दो या तीन साल मेरे लिए इतने अच्छे नहीं थे। मैं हमेशा चोटिल रहा हूं। मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की लेकिन मुझे अपनी चोट से दूर रहने और तकनीक पर काम करना होगा। उल्लेखनीय है कि भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपडा ने गुरुवार को 89.45 मीटर प्रयास के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता। यह उनके करियर का अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। चोपड़ा को पहली बार किसी सीनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने पीछे कर दिया। अरशद ने 92.97 मीटर का बड़ा थ्रो फेंक करके खिताब जीता और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ दिया।

# विनेश का पक्ष रखेंगे हरीश साल्वे

● नई दिल्ली,

**पंचाट** न्यायालय (सीएएस) में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का संयुक्त रजत पदक दिये जाने का अनुरोध को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है और उनके मामले की पैरवी प्रसिद्ध वकील हरीश साल्वे करेंगे।

सीएएस विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने सात अगस्त को सीएएस एड हॉक डिवीजन में अपील दायर उन्हें पेरिस ओलंपिक में अयोग्य ठहराये जाने के निर्णय को रद करने और अंतिम मैच से पहले एक बार और वजन मापने का आदेश देने के साथ-साथ उन्हें फाइनल में भाग लेने के लिए योग्य घोषित किये जाने की मांग सीएएस एड हॉक डिवीजन से की गई थी। इसके साथ ही दूसरी अपील में विनेश ने उन्हें संयुक्त रजत दिये जाने की अनुरोध किया गया था। सीएएस ने दूसरी अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। सीएएस के समक्ष विनेश के मामले की पैरवी के लिए भारतीय अधिकारियों ने वकील



हरीश साल्वे को नियुक्त किया। उल्लेखनीय है कि विनेश फोगाट का महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल मुकाबले से पहले लिया गया वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया जिसके बाद उन्हें अयोग्य ठहरा दिया गया था।

# ओलंपिक में पर्दापण करेंगी रितिका

**पेरिस** : भारतीय महिला पहलवान रितिका हुड्डा शनिवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में महिलाओं के 76 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती वर्ग से पर्दापण करेगी।

रितिका प्री क्वार्टर फाइनल मैच में हंगरी की आठवीं वरीयता प्राप्त बर्नाडेट नेगी से मुकाबला करेगी। नेगी अंडर 23 यूरोपीय चैंपियन हैं। अन्य फ्रीस्टाइल वर्ग की तरह यह स्पर्धा भी राउंड ऑफ 16 से शुरू होगी, इसके बाद क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और पदक मैच होंगे। फाइनलिस्ट में हारने वाले पहलवानों को रेपेचेज राउंड के जरिए से कांस्य पदक के लिए दूसरा मौका मिलेगा। अगर रितिका मुकाबला जीतती हैं तो उसका सामना इस भार वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त किर्गिस्तान की एइपेरी मेडेट काइजी से होने की संभावना है। एइपेरी मेडेट काइजी टोक्यो ओलंपिक 2020 में सेमीफाइनलिस्ट थीं और उन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों का खिताब जीता था। इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त रोमानिया की कैटलिना एक्सेंटे और क्यूबा की पांचवीं




वरीयता प्राप्त मिलामी मारिन, रितिका की संभावित सेमीफाइनलिस्ट हो सकती हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त जापानी पहलवान युका कागामी ड्रा के दूसरे भाग में शामिल हैं। कागामी पिछले साल विश्व चैंपियन और 2018 युवा ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता है।

# अमन से पदक की उम्मीद

## प्यूरुटो रिको के पहलवान से होगा मुकाबला

● पेरिस,

**पेरिस** ओलंपिक में भारतीय रेसलर अमन सहरावत का ब्रॉन्ज मेडल मैच कुछ ही देर में शुरू होगा। वे 57 किग्रा कैटेगरी में प्यूरुटो रिको के डरलिन तुई क्रूज का मुकाबला करेंगे। इससे पहले भारतीय रेसलर अमन सहरावत पेरिस ओलंपिक में 57 किग्रा का सेमीफाइनल मैच हार गए हैं। उन्हें जापान के रे हिगुची ने 10-0 से हराया। अमन अब शुक्रवार को ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलेंगे। इससे पहले भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अल्बानिया के जेलिमखान अबकारोव को 12-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गये है। यहां एशियाई चैंपियनशिप विजेता अमन ने बाउट के दूसरे दौर में पहले अल्बानियाई विश्व चैंपियन अबकारोव को पछाड़ दिया। घड़ी में 2:04 समय शेष रहते हुए उन्होंने नौ अंक बनाए। रात सेमीफाइनल में अमन का मुकाबला रियो 2016 के रजत पदक विजेता जापान के शीर्ष वरीयता प्राप्त री हिगुची से होगा। अगर अमन सेमीफाइनल मुकाबला जीत लेते है तो पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला कुश्ती पदक पक्का हो जायेगा। इससे पहले अमन सहरावत ने पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल राउंड ऑफ 16 बाउट में उत्तरी मैसेडोनिया के व्लादिमीर एगोरोव को 10-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमन ने




दूसरे पीरियड में दो मिनट पहले ही तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना पहला मुकाबला जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अमन अब अपने अगले मुकाबले में विश्व चैंपियन पहलवान अल्बानिया के जेलिमखान अबकारोव से भिड़ेंगे।

# तेंदुलकर बोले- सिल्वर डिजर्व करती हैं विनेश

● मुंबई,

**पूर्व** भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने ओवर वेट के कारण पेरिस ओलंपिक से अयोग्य विनेश फोगाट का समर्थन किया है। तेंदुलकर ने शुक्रवार को एक इंस्टा पोस्ट में लिखा कि विनेश सिल्वर डिजर्व करती हैं। 29 साल की भारतीय पहलवान की सुनवाई कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) कोर्ट में जारी है। फिलहाल, कोर्ट ने सुनवाई ओलंपिक समाप्त होने तक टाल दी है।

सचिन ने लिखा कि हर खेल के अपने-अपने नियम होते हैं, जिन्हें अलग-अलग कॉन्टेक्स्ट में देखा जाता है। समय-समय पर नियमों में बदलाव जरूरी है। विनेश ने निष्पक्ष तरीके से फाइनल में जगह बनाई। उनका डिसक्वालिफिकेशन फाइनल से ठीक पहले हुआ और इसीलिए उन्हें सिल्वर मिलना चाहिए। उन्हें मेडल नहीं मिलना लॉजिक और खेल भावना के खिलाफ है। कोई खिलाड़ी ड्रग्स लेकर परफॉर्म करता है, तो यह नियमों के खिलाफ है। इस केस में डिसक्वालिफिकेशन समझ में आता है, लेकिन विनेश निष्पक्ष तरीके से टॉप-2 में पहुंची हैं। उन्हें सिल्वर तो मिलना ही चाहिए। हम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि विनेश को वह



### इंस्टा पोस्ट में लिखा- अंपायर्स कॉल का समय है

सम्मान मिलेगा, जिसकी वे हकदार हैं। 6 अगस्त को विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक की महिला रेसलिंग के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई थी। रेसलिंग नियम के मुताबिक रेसलर को मैच की सुबह वजन का मापन करना होता है। विनेश का जब वजन नापा गया तब वो अपने कैटेगरी यानी 50 किग्रा से 100 ग्राम ज्यादा थी, जिसके बाद उन्हें फाइनल से बाहर कर दिया गया था। बुधवार को विनेश ने सीएएस में अपील की और मांग की कि उन्हें संयुक्त सिल्वर मेडल दिया जाए। विनेश फोगाट की सुनवाई कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) में चल रही है। कोर्ट ने अपना फैसला ओलंपिक समाप्त होने तक टाल दिया है।

# श्रीजेश और मनु होंगे पेरिस ओलंपिक समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक

**पेरिस, वार्ता** : भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश और महिला निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक में समापन समारोह के लिए भारत के ध्वजवाहक होंगे।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। आईओए की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा कि श्रीजेश ने दो दशकों से अधिक समय तक विशेष रूप से भारतीय हॉकी और भारतीय खेल की सराहनीय सेवा की है। उन्होंने कहा कि मैंने नीरज चोपड़ा से बात की और उस सहजता और शालीनता की सराहना की जिसके साथ वह इस बात पर सहमत हुए कि श्रीजेश को समापन समारोह में ध्वजवाहक होना चाहिए।'' श्रीजेश ग्रीष्मकालीन खेलों में पुरुष हॉकी कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के जबरदस्त प्रदर्शन करने वालों में से एक थे। यह उनका दूसरा ओलंपिक कांस्य है। 36 वर्षीय गोलकीपर ने गुरुवार को कांस्य पदक मुकाबले के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आईओए ने मनु भाकर को महिला ध्वजवाहक घोषित किया था। मनु ने पेरिस ओलंपिक में कई रिकॉर्ड तोड़े और दो कांस्य पदक जीते।




# हॉकी इंडिया खिलाड़ियों को देगी 15 लाख

### हॉकी इंडिया सहयोगी स्टाफ के हर सदस्य को देगी 7.5 लाख

**नई दिल्ली, वार्ता** : हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15-15 लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ के हर सदस्य को 7.5 लाख रुपये के पुरस्कार देने की घोषणा की है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत हमारे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन का प्रमाण है। लगातार दो ओलंपिक पदक जीतना एक असाधारण उपलब्धि है जो विश्व मंच पर भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान को दर्शाता है। हॉकी इंडिया की ओर से मैं पूरी टीम और सहयोगी स्टाफ को उनके असाधारण प्रदर्शन और समर्पण के लिए बधाई देता हूं। यह पुरस्कार राशि उनके




उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना के तौर पर है। मैं पीआर श्रीजेश को उनके शानदार करियर और भारतीय हॉकी में उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि से एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है। टीम की एकता, कौशल और दृढ़ता ने देश भर के लाखों हॉकी प्रशंसकों को खुशी दी है। मैं कप्तान हरमनप्रीत सिंह, दिग्गज पीआर श्रीजेश और पूरी टीम को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। हॉकी इंडिया हमारे एथलीटों का समर्थन करने और भारत में हॉकी के विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पुरुष-महिला रिले टीम फाइनल से चूकी

## पेरिस ओलंपिक : 11वें स्थान पर रही भारतीय पुरुषों की 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम

**पेरिस** भारतीय महिला और पुरुष रिले टीमें शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिता के फाइनल में जगह नहीं बना सकी।

यहां स्टेड-डी-फ्रांस में हुए पहले राउंड में भारतीय पुरुषों की 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम 3:00.58 के सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ हीट 2 में पांचवें और कुल मिलाकर 11वें स्थान पर रही। वे फाइनल में जगह नहीं बना सके। अमोज जैकब, राजेश रमेश, मुहम्मद अजमल और मुहम्मद अनस ने टीम के लिए दौड़ लगाई, जबकि संतोष कुमार तमिलरसन बाहर बैठे रहे। अजमल सबसे तेज भारतीय धावक रहे, जिनका समय 44.60 रहा। फ्रांस ने (2:59.53), नाइजीरिया ने (2:59.81) और बेल्जियम ने (2:59.84) ने भारतीयों को पछाड़ते हुए हीट 2 से फाइनल में जगह बनाई। हीट 1 में बोत्सवाना ने (2:57.76), ब्रिटेन ने (2:58.88), अमेरिका ने (2:59.15), जापान ने (2:59.48) और जाम्बिया ने (3:00.08) ने फाइनल में अपनी जगह पक्की




की। इससे पहले महिला वर्ग में 4 गुणा 400 मीटर रिले में भारत आठवें स्थान पर रहा। इस स्पर्धा के पहले राउंड में भारतीय चौकड़ी ज्योतिका श्री दांडी, मचेतिरा राजू पूवम्मा, विथ्या रामराज और सुभा वेंकटेशन ने 3:32.51 का समय दर्ज किया। हालांकि, यह समय हीट में केवल आठवें और कुल मिलाकर 15वें स्थान के लिए काफी अच्छा था। चार भारतीय धावकों में ज्योतिका सबसे तेज थीं, जिनका समय 51.30 सेकेंड था। हीट 2 से, जमैका ने (3:24.92), नीदरलैंड ने (3:25.03), आयरलैंड ने (3:25.05) और कनाडा ने (3:25.77) पदक दौड़ के लिए आगे बढ़े। अमेरिका (3:21.44), ब्रिटेन (3:24.72), फ्रांस (3:24.73) और बेल्जियम (3:24.92) हीट 1 से शामिल हुए।

# विवेक सागर को एमपी सरकार देगी एक करोड़ का ईनाम

### मध्य प्रदेश के सीएम ने वीडियो कॉल कर दी बधाई

**नई दिल्ली,** - मध्य प्रदेश के ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद को मध्य प्रदेश सरकार ने एक करोड़ का ईनाम देने की घोषणा की है। भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में इतिहास रचते हुए कांस्य पदक जीता है। इस टीम में मध्य प्रदेश के विवेक सागर प्रसाद भी थे। जिनका भी अपनी टीम की जीत में योगदान था। भारतीय टीम ने स्पेन को 2-1 से हराकर ये जीत हासिल की है।

भारतीय टीम की जीत के बाद प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने विवेक सागर प्रसाद से वीडियो कॉल पर बात की और उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी। हॉकी टीम के पदक जीतने के साथ पूरे देश में खुशी मनाई जा रही है। सभी एक- दूसरे को बधाई देते हुए नजर आ रहे हैं। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार ओलंपिक में कांस्य पदक जीती है। विवेक सागर मध्य प्रदेश इटारसी के ग्राम चानदोन रहने वाले हैं। उनका यह टोक्यो के बाद पेरिस दूसरा ओलंपिक था। जिसमे विवेक विजेता टीम का




हिस्सा रहे हैं। मध्य प्रदेश की हॉकी की नर्सरी कहीं जाने वाले इटारसी में लंबे अरसे तक विवेक हॉकी ट्रैनिंग कैंपों का हिस्सा रहे हैं और अपने गांव में उन्होंने लंबे वक्त तक प्रैक्टिस की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK